इस संस्करण की एक विशेषता यह भी है कि ऋषि दयानंद ने किसी व्यक्ति को लिखे गये पत्र में लिखा है कि 'आपका पत्र आया' और वह यदि हमें प्राप्त हो गया है तो हमने नीचे टिप्पणी में संकेत कर दिया कि यह पत्र तीसरे भाग में देखें। इसी प्रकार ऋषि दयानंद को लिखे गये पत्रों में यदि यह निर्देश मिलता है कि 'आपका पत्र मिला' और हमें यदि ऋषि दयानंद का वह पत्र उपलब्ध हुआ है तो हमने नीचे टिप्पणी में लिख दिया है कि ऋषि दयानंद का यह पत्र अमुक पृष्ठ संख्या पर देखें।

अनेक स्थानों पर पत्र सूचना ही संगृहीत कर दी है। आशा है इससे पत्रों का अनुसंधान करने वाले भावी व्यक्तियों को लाभ होगा।

संस्कार विधिः —ले० दयानन्द। दिल्ली, आर्य साहित्य प्रचार ट्रस्ट, १९८१। २७१ पृ०। रु० ६।

आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद ने मनुष्य जीवन में संस्कारों के महत्व को देखते हुए प्राचीन ऋषि मुनियों की पद्धति का अनुसरण करके संस्कारविधि की रचना की है। पुस्तक के प्रथम प्रकरण में वे सामान्य विषय जो संस्कारों के आदि और उचित समय व स्थान पर करने चाहिएं संकलित हैं। सामान्य प्रकरण के संस्कारों में जो मंत्र व क्रिया अपेक्षित है वे उन कर्त्तव्य संस्कारों में लिखी है जिस को देखकर सामान्यविधि की क्रिया सुगमता से की जा सके। इस पुस्तक के निर्देशानुसार आचरण से पाठकों का शरीर और आत्मा सुसंस्कृत होगी एवं उन्हें धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति होगी।

सत्यार्थ प्रकाशः—ले० दयानन्द। २१ संस्करण। दिल्ली, आर्य साहित्य प्रचार ट्रस्ट, १९८०। ४२७ पृ०। रु० १४।

सत्य का ग्रहण और असत्य का परित्याग कराना ही इस ग्रंथ का मुख्य उद्देश्य है। इस ग्रंथ में ब्रह्मा से लेकर जैमिनि मुनि पर्यंत ऋषि मुनियों के वेद प्रतिपादित सारभूत विचारों का संग्रह है। अल्प विद्यायुक्त स्वार्थी, दुराग्रही लोगों ने जो वेदादि सच्छास्त्रों के मिथ्या अर्थ करके उन्हें कलंकित करने का दुःसाहस किया था, उनके मिथ्या अर्थों का खंडन और सत्यार्थ का प्रकाश अकाट्य युक्तियों और प्रमाणों से इसमें किया गया है। इसके प्रारंभ में जो प्रतिज्ञा की है ('त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि' इत्यादि) उसी के अनुसार संपूर्ण ग्रथ में सत्यार्थ का प्रकाश करते हुए अंत में प्रतिज्ञा का उपसंहार किया है। अत्यन्त समृद्धिशाली, सर्वदेश शिरोमणि भारत देश का पतन किस कारण से हुआ एवं उत्थान किस प्रकार हो सकता है, इस विषय पर इस ग्रंथ में प्रकाश डाला गया है। इसमें आर्यसमाज और मत-मतान्तरों के अंतर को अनेक स्थानों पर एवं एकादश समुल्लास में विशेष रूप से खोलकर समझाया गया है। इस

ग्रंथ में सांप्रदायिकता के स्वरूप और उसकी हानियों का यथार्थ दिग्दर्शन है।

ASTROLOGY

अंक चमत्कार—ले० कीरो; अनु० गौरीशंकर कपूर। दिल्ली, रंजन पब्लिकेशन्स, १९८३। viii+१६० पृ०, रु० १०।

पाश्चात्य अंक शास्त्रियों में विश्व विख्यात तथा अपने समय के अत्यंत विद्वान और लोकप्रिय कीरो को प्रमुख स्थान प्राप्त है। वह केवल अंक विज्ञान के ही प्रकांड पंडित नहीं थे, उन्हें हस्तरेखा और ज्योतिष विज्ञान में भी दक्षता प्राप्त थी।

कीरो ने गुह्य विद्याओं में दक्षता प्राप्त करने के लिये भारत और अन्य दूर-दूर के देशों में भ्रमण किया और वहाँ के उन व्यक्तियों से भेंट की जिनके पास उनके पूर्वजों के समय से संचित निगूढ़ विद्याओं से संबंधित प्राचीन ग्रंथ संगृहीत थे।

कीरो का कहना है कि जो अपने जीवन में बिल्कुल असफल रहे हैं यह अंक-विज्ञान का ज्ञान उनको सफलता पाप्त करायेगा। जो सफल हैं उन्हें सफलता के और उच्च शिखरों पर पहुंचायेगा। जो व्यक्ति इसमें दिलचस्पी लेगा, इसका समुचित अध्ययन करके, ठीक तरह से अपनायेगा उसका जीवन सरस बन जायेगा।

अंक-विज्ञान की सहायता से जीवन को बहुत सी उलझनों तथा निराशाओं से मुक्त रखा जा सकता है।

अंक ज्योतिष—ले० वादरायन, दिल्ली, अनुपम बुक्स, १९८३। २७९ पृ०। रु० ४०.

अंक आज के मानव का सर्वाधिक विश्वस्त मित्र, सहचर एवं पथ-प्रदर्शक है। अंक ज्योतिष की सहायता से केवल जन्म-तिथि के आधार पर ही व्यक्ति अपने मित्र, प्रेमिका, पति, पत्नी, पुत्र, पुत्री, नौकर, अधिकारी अथवा किसी भी व्यक्ति के चरित्र, स्वभाव, रुचि एंव विचारधारा के बारे में पूरी पूरी और सही जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रस्तुत पुस्तक लेखक ने अपने सतत परिश्रम एवं अनुभव के आधार पर लिखी है जिसके द्वारा व्यक्ति जहां स्वयं लाभ उठा सकता है, वहीं अपने मित्रों, संबंधियों एवं परिचितों का भी उचित मार्गदर्शन कर सकता है।

Astrologer's Guide to Counselling: Astrology's Role in the Helping Profession—by Bernard Rosenblum. Reno, Nevada, CRCS Publications, 1983. 143pp. $ 7.95.

Only since the late 1960s has the intelligent practice of astrology been widely viewed as a legitimate helping profession, able to take its rightful place among the therapeutic, counselling, and healing arts. While clarifying basic counselling guidelines for practitioners of astrology, Dr. Rosenblum describes in detail the essential dynamics of many counselling problems that the astrologer typically encounters, psychopathology, and the unique problems often created by the astrologer's intervention.

Anyone studying or practising astrology on any level should read this important book, and all responsible teachers of astrology should make it required reading even for beginning students. In addition, openminded practitioners of the therapeutic arts who are dissatisfied with orthodox theories will find this book an excellent introduction to astrological psychology.

Astrological Mirror —by B. Suryanarain. 4th Edn. Bangalore, The Astrological Office, 1983. xvi + 7 +72pp. Rs. 10.

The Astrological Mirror, both the larger and the smaller, has been serving very useful purposes in the daily life of educated gentlemen. In the present edition the author has taken every care to make it as useful and as interesting as such technical books could be made. The necessity for such sound astrological literature, by astrological adepts, has been a long recognised truth. He has made this work acceptable to all classes of people. The remarks he has passed here and there explaining the astrological technical language in the light of modern advanced Physical Sciences will be found to be not only useful but very instructive. In human careers events like marriage, nuptials, upanayana and other religious karma are very important, and therefore they should always be commenced under the most auspicious lunar, stellar and other planetary influences.

Catechism of Astrology—by B.V. Raman. Vol. I. Bangalore, I.B.H. Prakashan, 1983. 111pp. (IBHP Astrology Series). Rs. 9.

Man lives in a world of predictions and the question whether it is possible to foretell the future is purely academic.

Astrological predictions play an important part in man's life. Astrology can predict with fair accuracy important events in life. An experienced astrologer does not just make generalisations from past observations. He has, designed for him, a set of rules, based on intuition and observations extending over thousands of years. There are processes which when carefully and properly handled can enable one to make correct predictions. Often the complex astrological rules are capable of different interpretations, the correct ones depending upon the astrologer's experience and intuitive capacity.

The book mainly deals with the interpretation of the various technical rules based on the author's own humble experience. This is not an original book. It is a reprint of the questions and answers handled by me as Mihira in the years 1944 to 1950 or so. These questions and answers cover important aspects of astrology and have been thoroughly revised and rewritten at several places.

It is hoped that the book in question will serve as a guide for students, savants and practitioners of astrology.

Child Signs: Understanding Your Child Through Astrology—by Dodie Edmands and Allan Edmands. Reno, Nevada, CRCS Publications, 1978. 154pp. $ 6.95.

"A marvellously useful book for parents and for others who work with children, it contains practical advice on childrearing derived from observation and experience rather than preachy textbook theories. Its astrological insights are fresh, based on knowledge of real children rather than tired, old zodiac cliches. I highly recommend it."

Child Signs is the only treatment of child development from an astrological viewpoint. Not limited to the Sun Sign approach, the authors specifically include the importance of the Moon Sign and Rising Sign. It includes detailed portraits of the first six years in a child's life. Hundreds of insights into their children's personality, feelings, habits, and motivations make this a book every parent will want to own.

Dodie and Allan Edmands are parents of two children and professional counsellors familiar with both child psychology and modern astrology. Allan has been the astrology columnist for the Woodstock Times (N.Y.) and co-authored the outstanding Larousse Encyclopedia of Astrology. Dodie's interests have combined child development, astrology, and professional training in psychotherapy. They explain their approach to astrology as follows: "What we do is to approach the child as an individual from birth, with his or her own distinctive inborn characteristics, and then we try to introduce parents to the various facets of their child that they might not have been aware of. When properly used, astrology gives a non-judgemental framework for sorting out our children's genuine strengths from our expectations of them."

दैवज्ञ-वल्लभ (Daivajña Vallabha)—ले० वराहमिहिर, व्याख्या० शुकदेव चतुर्वेदी। नई दिल्ली, रंजन पब्लिकेशन्स १९८३। १६४ पृ०। रु० ४०।

The present volume written by Acharya Varahmihira is rare and standard treatise in Horary Astrology. All facts relating to Horary are dealt with in comprehensive and lucid way pertaining to day-to-day queries of life.

Even later Astrologers such as Prithuyasas, hattotpala, Neelkantha, Siddhanarin Das & Rudramani etc. have continued to keep the tradition of this treatise and composed their own books. This shows the validity of this rare work.

This unique work deals with queries relating to success, gain & loss, windfall, foreign travel, export business and love, marriage, progeny, abortion, labour trouble & political and economic situation of the country in an exhaustive manner.

Original Sanskrit slokas have been given alongwith English commentary by an authoritative scholar.

This classic has become a must for lovers of Astrology as well as professionals.

दाम्पत्य-सुख (Astrology and Marriage)—ले० सुखदेव चतुर्वेदी। नई दिल्ली, रंजन पब्लिकेशन्स, १९८२। १७२ पृ०। रु० ४०।

दाम्पत्य-सुख—"एक ज्योतिष शास्त्रीय अध्ययन" हिंदी भाषा में पहली बार प्रकाशित एक ऐसा अनूठा

ग्रंथ है जिसमें दाम्पत्य सुख, दाम्पत्य संबंध एवं दाम्पत्य जीवन के समस्त पहलुओं तथा दाम्पत्य जीवन में उत्पन्न होने वाली अधिकांश समस्याओं के समाधान का सांगोपांग शास्त्रीय रीति से विवेचन किया गया है।

अनेक ग्रंथों के प्रणेता तथा ज्योतिष शास्त्र के प्रख्यात विद्वान लेखक ने प्रस्तुत ग्रंथ में ज्योतिष शास्त्र के आधारभूत सिद्धांतों के अनुसार वर-वधु का चुनाव, उनके गुण-दोषों का विवेचन, नक्षत्र एवं ग्रह-मेलापक, मंगलीयोग, विवाह होने का समय, विवाह होने में बाधाओं के कारण, उनका निराकरण एवं संतान सुख जैसे गंभीर प्रश्नों का सरल, सहज, बोधगम्य शैली में प्रतिपादन किया है।

दाम्पत्य सुख जैसे महत्वपूर्ण विषय पर हिंदी भाषा में लिखित यह सर्वांग पूर्ण ग्रंथ ज्योतिष शास्त्र के विद्वान एंव ज्योतिष प्रेमी पाठकों के लिये समान रुप से पठनीय एंव संग्रहणीय है।

Dynamics of Aspect Analysis: New Perceptions in Astrology—by Bil Tierney. Reno, Nevada, CRCS Publications, 1983. iii+277pp. $ 8.95.

"This is a goldmine of information....His interpretations are clear, concise and thorough; his conceptual explanations are likewise easy to read and understand. This book is essential reading."

'Dynamics of Aspect Analysis' is a significant contribution to astrology that will be welcomed by students and practitioners. Its approach is psychological and analytical rather than predictive, and it is designed to enlighten rather than preach the reader. No matter how complex a birthchart may be, this book's consistent emphasis on fundamental principles enables one to unravel the complexities of any chart with precision and clarity.

This book is unique in its depth of treatment of the meaning of aspects and aspect patterns, containing an abundance of original information and thorough explanations of traditional ideas that have heretofore received only sketchy treatment. Its broad scope includes:

Major and minor aspects, including the quintile, septile & novile.

Unaspected planets & dissociate (out-of-sign) aspects.

Traditional aspect patterns, as well as lesser-known configurations such as the Kite, Grand Sextile, Mystic Rectangle, Hard Rectangle, and Yod (or "finger of God") & its focal planet.

Stationary and retrograde planets in their natal, progressed and transiting phases.

The four Hemispheres and the four Quadrants, including the author's "Quadrant System of Motivational Analysis".

Fascinating Jupiter: A Unique and Advanced Study of Jupiter in The Series of Planets—by L.R. Chawdhri. New Delhi, Sagar Publications, 1983. 422pp. Rs. 42.50.

This book written by Jyotish Saraswati L.R. Chawdhri deals with the role of Jupiter in astrology in a clear and exhaustive manner. In astrological parlance, Jupiter is said to be the first and the most important benefic. Does it always produce benefic results turn into maleficence ? Many questions have been dealt with in this scholarly work.

The author is an engineer by profession. Astrology is his hobby. He has been recongised as a great author only in this field and has been awarded a Praman Patra by Dr. B.V. Raman, Editor, Astrological Magazine, Bangalore.

The book is quite interesting and of much use to all those who are interested in astrology.

In available blanks, some thoughts as fillers have been given, which have no concern with Jupiter or astrology. These could have been avoided.

Garga Hora (गर्ग होरा)—by Gargacharya; Tr. by R. Santhanam. New Delhi, Ranjan Publications, 1983. 175pp. Rs. 60.

Garga Hora is one of the most ancient classic texts on Hindu predictive astrology. Gargacharya, an omnipotent sage, lays down important principles, through his divine in sight in respect of Raja Yoga, Longevity, etc. Another advantage with this work is that the student is guided to know the effects of planetary combinations, any kind obtainable by any possible permutation, for each Bhava. Each Bhava is systematically dealt with showing various conjunctions in all numbers.

Yavanas as well approved these theories. Bala Bhadra, the illustrious author of Hora Ratna, did abopt the slokas from Garga.

The present English rendering by R. Santhanam is based on Hora Ratna and C.G. Rajan's Tamil account.

Sage Garga has enunciated a few principles of general application in the context of predictive astrology in this work.

Also discussed in great detail are effects of planetary conjunctions ranging from two to seven with reference to the 12 bhavas.

These aphorisms may be of immense advantage in practical analysis of a horoscope. This is the first work of its kind dealing with all possible transmutations of planetary conjunctions.

ग्रहलाघवम्—ले० गणेशदेव; मल्लारि–विश्वनाथयोः संस्कृत व्याख्याभ्याम् केदारदत्त जोशी–कृत हिंदी सोदाहरणोपपत्त्या च सहितम्; व्याख्याकार केदारदत्त जोशी। दिल्ली, मोतीलाल बनारसीदास, १९८३। ८६+३४५ पृ०। रु० ५० (सजिल्द); रु० ३५ (अजिल्द)।

त्रिस्कन्ध ज्योतिष में गणित का स्थान सर्वोपरि है। दैवज्ञ श्रीगणेश विरचित ग्रहलाघव ग्रहगणित ज्योतिष की एक अद्‌भुत रचना है। इसमें वर्तमान कल्प से लेकर अहर्गण (दिनसमह) साधन कर उसके तीन खण्डों के तीसरे लघुखण्डीय दिनसमूह से ग्रहों की आकाशीय वस्तुस्थिति का जो चमत्कारिक सिद्वान्त स्थापित किया गया है वह आज सभी ग्रहगणितज्ञों से मान्य हो रहा है। पञ्चांग गणित साधन की ऐसी सरल शुद्ध उपलब्धि आचार्य श्रीगणेशजी तक ही सीमित रही है। इस ग्रन्थ के १६ अध्याय हैं।

(१) ग्रह मध्यम साधन के मध्यमाधिकार (२) सुर्यचन्द्रस्पष्टीकरणाधिकार (३) मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र और शनि से पञ्चतारास्पष्टीकरणाधिकार (४) भूमण्डल में दिशादेश और समय ज्ञान का त्रिप्रश्नाधिकार (५-६) चन्द्रसूर्यग्रहणाधिकार (७) मासगणाधिकार (८) ग्रहणद्वयसाधनाधिकार (९) उदयास्ताधिकार (१०) ग्रहच्छायाधिकार (११) नक्षत्रच्छायाधिकार (१२) शृंगोन्नति (१३) ग्रहयुति (१४) पात (१५) तिथिवारनक्षत्रयोगकरणात्मक पञ्चांग से चन्द्रग्रहणानयनाधिकार एवं (१६) उपसंहाराधिकार से यह ग्रन्थ विशेष विभूपित है। बड़े लम्बे अरबों की संख्याओं के गणित की गुणनभाजन की लम्बी और परिश्रम-साध्य ग्रहगणित की असुविधा को समझ कर श्रीगणेश दैवज्ञ ने लघु आंकड़ों से ग्रह साधन की जो चमत्कारिक गवेषणा की है वह शद्ध एवं सूक्ष्म है, इसी अभिप्राय से आचार्य ने इस ग्रन्थ का सही नामकरण 'ग्रहलाघव' किया है जो सरस एवं समीचीन है।

मूल एवं दो प्राचीन टीकाओं के साथ इस मूल ग्रन्थ को ज्योतिष शिरोमणि केदारदत्त जोशी ने हिन्दी भाषा के माध्यम से सरल करते हुए उदाहरणों के साथ सरल एवं स्पष्ट कर दिया है। आशा है विद्वज्जन इस प्रयास का स्वागत करेंगे।

हस्तरेखा महाविज्ञान—ले० भारती योगी। बरेली, संस्कृति संस्थान, १९८३। ५०४ पृ०। रु० १३

प्रस्तुत पुस्तक का नाम 'हस्तरेखा-महाविज्ञान' रखते हुये भी इस बात का ध्यान रखा गया है कि हस्तरेखा के साथ अन्य अंगों के शुभाशुभ लक्षणों और चिन्हों पर भी प्रकाश डाला जाये। इसे जीव-विज्ञान, शरीर-विज्ञान और मनोविज्ञान के निष्कर्षों और असंख्य हाथों के अवलोकन से हुये अनुभवों के आधार पर लिखा गया है। पाठकों की सुविधा के लिये स्थान-स्थान पर विभिन्न मतों पर प्रकाश डालते हुये अपना निष्कर्ष भी प्रस्तुत किया गया है, जिसके आधार पर एक सामान्य से सामान्य व्यक्ति भी अपने भविष्य को सुगमतापूर्वक शीघ्र जान लेने में समर्थ हो सकता है।

आशा है यह पुस्तक पाठकों के लिये उपयोगी और लाभप्रद सिद्ध होगी।

हिन्दी प्राण-तोषिणी तन्त्र—अनु० रमादत्त शुक्ल। भाग १। प्रयाग शाक्त साधना पीठ, १९८३। ७+१०८ पृ०। रु० १५ (अजिल्द); रु० २५ (सजिल्द)।

'प्राण-तोषिणी तंत्र' के सात कांड हैं—(१) सर्ग-कांड

(२) धर्म-कांड (३) अर्थ-कांड (४) काम्य कांड (५) भजन-कांड (६) ज्ञान कांड और (७) नैर्गुण्य कांड। इन कांडों में अनेक तंत्रों और आर्ष ग्रंथों के उद्धरणों के संकलन द्वारा प्रतिपाद्य विषयों का प्रामाणिक विवरण प्रस्तुत किया गया है। ऐसे तंत्रों के वचन भी इसमें उदधृत हैं जो अभी अप्राप्य हैं; जिनका केवल नाम ज्ञात है।

'हिन्दी प्राण तोषिणी तंत्र' के इस प्रथम भाग में पहले दो कांडों का सारांश दिया गया है।

जातकाभरण (सरल अनुवाद सहित)—ले० ढुण्ढिराज; अनु० भारती योगी। बरेली, संस्कृति संस्थान, १९८२। ३३२ पृ०, रु० २०।

मानव जीवन में ज्योतिष शास्त्र का उपयोग बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि यह शास्त्र आकाश में स्थित ग्रहों, नक्षत्रों आदि के धरती पर पड़ने वाले प्रभाव से संबंधित है। ग्रहों और नक्षत्रों का प्रभाव केवल मनुष्यों पर ही नहीं, समस्त प्राणियों और भौतिक तत्त्वों पर पड़ता है। किंतु मनुष्यों के अतिरिक्त अन्य प्राणी ज्योतिष शास्त्र का लाभ नहीं उठा सकते, इसलिये इसे मनुष्यों के लिये ही हितकर माना जाता है। ज्योतिष के ३ अंग हैं—गणित-सिद्धांत, संहिता और जातक। इनमें जातक ग्रंथ सरल और शीघ्र ही समझ में आने वाले होते हैं। प्रस्तुत ग्रंथ जातकाभरण भी उन्हीं जातक-ग्रंथों में से एक है तथा अपने ढंग का उत्तम ग्रंथ माना जाता है। आशा है पाठकगण इससे अवश्य लाभ उठायेगें।

ज्योतिष–रत्नाकर—ले० देवकीनन्दन सिंह, दिल्ली, मोतीलाल बनारसीदास, १९८३ (पुनर्मुद्रण) १२२ +१०६० पृ०। रु० १५० (सजिल्द)। रु० १२० (अजिल्द)

प्रस्तुत ग्रंथ भारतदेशान्तर्गत बिहार प्रदेशवासी श्री देवकीनन्दन सिंह की कृति है। होराशास्त्र से सम्बन्धित यह ग्रन्थ ज्योतिषशास्त्र के मुख्य-मुख्य आचार्यों के मतों को लेकर हिन्दी भाषा में लिखा गया है। १०५५ पृष्ठों के इस बृहदाकार ग्रन्थ में ज्योतिष के सभी विषय सरल रीति से समझाये गये हैं।

ग्रन्थ दो भागों में विभाजित है किन्तु दोनों भाग एक ही जिल्द में आ गये हैं। संपूर्ण ग्रन्थ के तीन प्रवाह हैं। प्रथम भाग में गणित प्रवाह और ज्योतिष रहस्य प्रवाह दिये हैं। द्वितीय भाग में व्यावहारिक प्रवाह है। तीनों प्रवाह ३४ अध्यायों और ३५७ धाराओं में विभाजित हैं।

विषय की दृष्टि से—संपूर्ण ग्रंथ के ३४ अध्यायों में संवत्सर, दिन, मास आदि कालज्ञान कराने के साथ-साथ नक्षत्र, ग्रह, राशि, लग्न, भाव, दशा, अरिष्ट, मृत्यु, विधा, विवाह, संपत्ति, व्यवसाय, धर्म, आयु, अष्टकवर्ग, जन्मलग्न, योग, रोग, अवस्था, महादशा, अन्तरदशा, गोचर, मुहूर्त आदि ज्योतिष शास्त्र के महत्वपूर्ण विषयों पर शास्त्र के आधार पर आधुनिक ढंग से विचार किया गया है। द्वितीय प्रवाह में १५ से २२ तक के अध्यायों को तरंग नाम देकर मनुष्य के जीवन पर ज्योतिषशास्त्रानुसार विचार प्रकट किये हैं। प्रथम तरंग में अरिष्ट, द्वितीय में परिवार, तृतीय में विधा, चतुर्थ में विवाह, पञ्चम में सन्तान, षष्ट में व्यवसाय, सप्तम में धर्म और अष्टम में आयु-संबंधी विवेचन हुआ है। जीवन के तरंगों का एवंविध अंकन इस ग्रंथ का विशेष योगदान है।

व्याख्या शैली सरल है। ६२ चक्रों के समावेश से सुगम शैली को सुगमतर बना दिया गया है।

परिशिष्ट में कतिपय प्रख्यात महापुरुषों की तथा बालक, बालिका, महिलाओं की ९६ कुण्डलियां हैं जो व्यावहारिक ज्योतिषज्ञान में अतीव उपयोगी सिद्ध होंगी।

Laghujātakam—by Varahamihira, Ed. with 'Tatvaprabha' Sanskrit-Hindi Commentary by Laşanalal Jha. Varanasi, Krishnadas Academy, 1983. 128pp. (Krishnadas Sanskrit Series-42). Rs. 15.

इस पुस्तक में १६ अध्याय हैं, उनके नाम से ही विषयबोध स्पष्ट हो जाता है।

इस ग्रथ में जन्मपत्र संबंधी सभी विचार गागर में सागर के समान भरे पड़े हैं। जीव की गर्भस्थिति से

लेकर निधन-पर्यंत की सारी परिस्थितियों के शुभाशुभ फलादेश में लघुजातक का स्थान सर्वोत्तम है।

जन्मपत्र के आधार पर जातक की पूर्वापर-जन्म की स्थिति, ज्ञानार्थ विलक्षण रीति इस ग्रंथ में प्रतिपादित है। स्त्रीजातकाध्याय में स्त्रियों के लिये विशेष फलादेश और नष्टजातकाध्याय में नष्टजन्मपत्र बनाने की विलक्षण विधि है।

टीका में गूढ़ रहस्यों को स्पष्ट किया गया है। युक्ति, उपपत्ति, उदाहरण, परिवर्धन एवं विशेष समीक्षा से युक्त यह संस्कृत-हिन्दी टीका सर्वसाधारण-जनोपयोगी बनाई गई है। जो विषय ग्रंथ में सूक्ष्म रूप से प्रतिपादित हैं, उन्हें स्पष्ट करने की चेष्टा की गई है। समीक्षा में यत्र-तत्र टीकाकारों के विचारों पर उचित प्रकाश डाला गया है।

यह ग्रंथ छोटा होने पर भी अधिक उपादेय है।

लक्ष्मी तन्त्र (सरल हिन्दी अनुवाद सहित)—अनु० चमनलाल गौतम। बरेली, संस्कृति संस्थान, १९८१. ३३६ पृ०। रु० १०।

इस पुस्तक में लक्ष्मीसिद्धि की विभिन्न मन्त्र साधनायें दी गई हैं। उनका प्रभाव निश्चित रूप से होता है क्योंकि मंत्र एक शक्ति हैं। मंत्र-सिद्धि में दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति का विशिष्ट महत्व होता है क्योंकि संकल्प ही सुप्त शक्तियों को जगाने का माध्यम होता है। वही शक्तियों के एकत्रीकरण का कार्य करता है। वह ऐसी विद्युत है जो प्राप्त शक्तियों के अणु-अणु में गति लाने की सामर्थ्य रखती है। श्रद्धा साधना की नींव है, जहां श्रद्धा है, वहीं सिद्धि है। श्रद्धा के बिना साधना की आशा करना व्यर्थ है। मन्त्रसाधना और भावना का घनिष्ट संबंध है। साधक जैसी भावना करता है, वैसी ही सफलता उसे प्राप्त होती है। मन को सब ओर से हटाकर तन्मय किया जाये और चित्त को एकाग्र किया जाये तभी-साधना में सफलता और सिद्धि प्राप्त होती है। एकाग्रता से ही वह आकर्षण शक्ति उत्पन्न होती है जिससे अभीष्ट सिद्धि प्राप्त हो। प्राणायाम से मन को स्थिर रखने में सहायता मिलती है, क्योंकि मन प्राण के अधीन होता है। यह सतयोगी प्रक्रियायें मन्त्र सिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका प्रदर्शित करती हैं।

लोकविजय-यन्त्र (सानुवाद और विस्तृत विवेचन सहित) : देश, नगर, ग्राम और राष्ट्र का फलबोधक ग्रन्थ—ले० नेमिचन्द्र। वाराणसी, वीर-सेवामन्दिर-ट्रस्ट, १९७१। ५७+१०५ पृ०। रु० १२।

हमारे समक्ष एक महत्वपूर्ण रचना 'लोक विजय यंत्र' प्रस्तुत है। इसमें अंक संख्या के निर्धारण द्वारा मानव के सुख-दुख समर्घ-महर्घ, वर्षा-वायु, सुभिक्ष-दुर्भिक्ष, रोग, धन-धान्य, रस निष्पत्ति, समृद्धि आदि की सही जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया गया है; इसमें ग्रहों के ध्रुवाङ्कों के माध्यम से निर्णय प्राप्त किए गये हैं। अवश्य ही यह यान्त्रिक प्रक्रिया उपयोगी एवं मौलिक है।

इस विज्ञान में अनुराग रखने वाले विद्वज्जन इसके प्रयोग-परीक्षण द्वारा देश और समाज का सही पथ-प्रदर्शन कर सकेंगे।

मानसागरी (संस्कृत भाषा, हिन्दी व्याख्या, उदाहरण एंव परिशिट सहित ज्योतिष का प्राचीनतम ग्रन्थ) —अनु० भारती योगी। बरेली, संस्कृति संस्थान, १९८३। ४६७ पृ०। परिशिष्ट रू० २४।

ज्योतिषशास्त्र का यह प्राचीन ग्रंथ 'मानसागर' के नाम से रचा गया था, किंतु बाद में इसकी पद्धति की विशेषता के कारण 'मानसागरी' नाम दिया गया। वस्तुतः इसमें वर्णित पद्धति के अनुसार किया गया गणित अधिक यथार्थ, फलितार्थ उपस्थित करने में समर्थ है। यही कारण है कि आज भी इस ग्रंथ का उतना ही मान है जितना पूर्वाचार्यों के समय में था।

इस पुस्तक में श्लोकों की शुद्धता पर अधिक ध्यान दिया गया है, साथ ही भाषांतर भी शुद्ध एवं सार्थक हो सके इसकी भी सावधानी बरती गई है। भाषांतर के साथ ही जहां अपेक्षित समझा गया वहां गणित के

उदाहरण भी अनेक स्थानों पर प्रस्तुत किये गये हैं। विषय वस्तु को अधिक बोधगम्य बनाने के उद्देश्य से बहुत से चक्र भी दिये हैं, जिनके द्वारा अपेक्षित विषय के समझने में कोई कठिनाई नहीं रहती। आशा है सभी प्रकार के पाठक इससे लाभ उठा सकेंगे।

Nadi System of Prediction (Stellar Theory)—by Rattan Lal. New Delhi, Ranjan Publications, 1983. 136pp. Rs. 25.

It is not enough to simply quote astrological rules from classical texts. What is of paramount importance is their practical worth in the science of prediction. And it is here that the stellar system scores so brilliantly.

The Vimshottari dasha system strictly belongs to the Stellar system of astrology. All those following the Vimshottari dasha system must follow the Stellar system of prognostication. Here is a unique treatise on this sytem that contains information hithertofore unpublished or barely touched upon in works on Nadi astrology. The work details and illustrates, inter alia, Yogas like Kalasarpa, Swetsarpa, their bhanga (cancellation), one planet control yoga, Sarthakajeevan yoga, Vyarthajeevanyoga, their bhanga (cancellation), Stellar Parivartana yoga etc., that have a vital bearing on the status a person is destined to achieve in life.

Rashi (sign) influence is diffusive. Persons born in the same lagna or ascendant on the same day do not have the same destinies. This fact is central to the nadi system of astrology which stresses the supreme role of the rising constellation and its quarter. Read this book and enjoy the fascination of the practical worth of the nadi system of Hindu Astrology.

Outer Planets and Their Cycles: The Astrology of the Collective—by Liz Greene. Reno, Nevada, CRCS Publications, 1983. 182pp. $ 7.95.

This volume is one of a series compiled from the talks and workshops of some of the most innovative and articulate contributors to modern astrology. Through this medium of edited transcripts, some of the most vital of today's astrological thought—which heretofore has been communicated only to small groups and then passes into oblivion—can be given a permanent orm and a wider availability.

This volume comprises lectures given by Liz Greene at a weekend programme in England and is the most complete treatment of the "astrology of collective" ever done. It explains significant historical and generational trends that correspond to vast planetary cycles, and it also discusses the individual's attunement to the outer planets and the collective psychological forces they represent.

At a time when "mass psychology" is virtually no better understood than one hundred years ago, in spite of innumerable historical, sociological, and psychological studies of the subject, this book provides convincing evidence that astrology may indeed be the most accurate and useful framework for studying, predicting, and understanding the hidden forces which motivate human beings.

Sachitra-Mānasāgari: An Astrological Text with Manorama Hindi Commentary—Ed. & Tr. by Ramchandra Pandey. Varanasi, Krishnadas Academy, 1983. 20+511pp. (Krishnadas Sanskrit Series-43). Rs. 30.

मानसागरी ज्योतिष शास्त्र के होरा स्कन्ध का एक संग्रह ग्रंथ है। जन्म-पत्र निर्माण विधि, लेखन विधि एवं फलादेश विधि से संपन्न यह ग्रंथ ज्योतिषानुरागी व्यक्तियों के लिये कल्पद्रुम सदृश है। ग्रंथकर्त्ता ने इस ग्रंथ में विभिन्न मानक ग्रंथों से आवश्यक विषयों का संकलन कर संग्रहीत किया है। यद्यपि विषयों का संकलन कई ग्रंथों से किया गया है, फिर भी बृहत्पाराशर होराशास्त्र का इस पर सर्वाधिक प्रभाव है।

ग्रंथ को सरल बनाने की दृष्टि से स्थान-स्थान पर तालिका एवं उदाहरण दिये गये हैं। गूढ़ ग्रंथियों को सुलझाने के लिये टिप्पणियां दी गई हैं।

ग्रंथ के अंत में एक लघु परिशिष्ट है जिसमें जन्म पत्र निर्माण संबंधी प्रारंभिक एवं आवश्यक विषयों का दिग्दर्शन कराया गया है। आशा है पाठकगण इससे लाभान्वित होगें।

Saravali (सारावली) of Kalyana Varma Ed. with English Translation, Commentary, Annotation by R. Santhanam. 2 Vols. New Delhi, Ranjan Publications, 1983. 344pp., 347-795pp. Rs. 80 & Rs. 120.

A shining but never setting star in the astral skies

originally enunciated by the king astrologer, Kalyana Varma. Even though a king by birth, he felt the utmost need to become familiar with the fascination of unfolding stellar secrets. The result: Saravali.

This voluminous work is divided into 55 chapters, each devoting to various delicate aspects of Astrology. Every requirement of the student is borne in mind by the author and the text thus, among other things, deals with effects of planetary states at birth, mutual significators, various developments of embryo in the womb of the mother, birth of twins etc., dispositions of planets to cause and counter-act evils, a number of Raja Yogas bestowing high status, combinations lowering a native, female horoscopy, planetary conjunctions, effects of planets remaining in various signs aspected by another planet, effects of various houses in aspect to the planets, planetary periods, roles of decanates etc., etc.

Kalyana Varma filled his work with the essence of the teachings of various sages and ancient masters. His greatness is proved by the fact that Bhattotpala (the illustrious commentator of illustrious Varaha Mihira), Vaidyanatha of Jataka Parijata, Mantreswara of Phala Deepika and others acknowledged their reliance on Saravali.

शीघ्र बोध: 'निर्मल' भाषाटीका समेत—ले० काशीनाथ; टीका० ब्रह्मानन्द त्रिपाठी । वाराणसी, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन, १९८२ । ८+११८ +२ पृ० । (चौखम्बा सुरभारती ग्रन्थमाला-६१) १ रु० ६ ।

वेद हमारी ज्ञानराशि का मूलस्तोत्र अथवा भंडार है। इसको विधिवत देखने तथा समझने में ज्योतिष शास्त्र का महत्वपूर्ण योगदान है। शास्त्रकारों ने ज्योतिष शास्त्र को वेद का निर्मल चक्षु कहा है। इसका तात्पर्य यह है कि इसके ज्ञान के बिना मनुष्य अन्य शास्त्रों के अन्त: प्रवेश में असमर्थ रहता है।

प्रस्तुत पुस्तक में योग के उदाहरण, चित्र, चक्र तालिका आदि द्वारा विषय को निर्भ्रान्त करने में पर्याप्त श्रम किया गया है। आशा है इससे ज्योतिष के जिज्ञासुओं को लाभ होगा।

Study in Astrological Occultism : An Astrological Approach to Vedantic Philosophy and Yogic Discipline—by Bepin Behari. Bangalore, IBH Prakashan, 1983. 273pp. Rs. 30.

A study in Astrological Occultism, a revised version of the earlier work entitled Fragments of Hindu Occultism which was given the premier award by the Meyer Foundation of Switzerland for its challenging approach, is a study describing the rationale of predictive sciences, relating astrology with the wisdom of religions of the world, thus enabling the human individual to have better understanding of the world around him and to lead a more satisfying life.

The significance of different dimensions of life, such as, birth, education, marriage, profession, human suffering and death explained here would give a deeper understanding of life and provide courage and endurance for meeting the everyday challenges of life.

सूर्य—ले०; उमाशंकर दूबे। कानपुर, श्री हनुमत् ज्योतिष मन्दिर, १९८३। १६४ पृ० (नवग्रह सीरीज़-१) । रु० १० ।

हिंदी पाठकों को कम से कम मूल्य में अधिक से अधिक ज्योतिष की शास्त्रीय सामग्री एक ही स्थान पर उपलब्ध हो जाये, जिससे वे प्राचीन भारतीय आचार्यों और अर्वाचीन पाश्चात्य विद्वानों के मतों का तुलनात्मक अध्ययन कर सकें, इस उद्देश्य से नवग्रह सीरीज़ में प्रत्येक ग्रह पर एक स्वतंत्र पुस्तक लिखकर ग्रह से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी देने का प्रयास किया गया है। सीरीज़ की यह प्रथम पुस्तक 'सूर्य' आपके सम्मुख उपस्थित है।

पुस्तक तीन खंडों में विभाजित है—प्रथम खगोल खंड में वेदों से लेकर आधुनिकतम खगोलविज्ञान का हवाला दिया है। फलित खंड में भारतीय और पाश्चात्य दोनों मतों का उल्लेख कर आवश्यक प्रसंगों में तर्क सम्मत एवं अनुभवसिद्ध निष्पक्ष टिप्पणी दी है। तृतीय उपासना खंड में ग्रह अरिष्ट शान्ति के शास्त्र सम्मत अनुभूत उपाय बताये हैं।

तान्त्रिक पञ्चाङ्ग संग्रह : महाकाली, आदिवाराही, महालक्ष्मी, महासरस्वती पञ्चाङ्गों का संग्रह—सं० सर्वेश्वर । वाराणसी, वाराणसेय संस्कृत

संस्थान, १९८३। ख+४४+४-२४+४-२८+४-३३ पृ० (वाराणसेय संस्कृत ग्रन्थमाला-४), रु० २५।

इस पुस्तक में माँ की कृपा का मार्ग दर्शित है क्योंकि आत्मरक्षा एवं कल्याण चाहने वाले व्यक्ति को माँ की शरणागति आवश्यक है। इसके अनुष्ठान मात्र से संपूर्ण सिद्धियां सुतरां प्राप्त हो जाती हैं।

इस पुस्तक में विधि निर्दिष्ट होने पर भी सद्गुरु का होना नितांत आवश्यक है अतः साधक को सद्गुरु से क्रियात्मक ज्ञान का अनुष्ठान करने में प्रवृत्त होना चाहिये। बिना गुरु के उपदेश से आराधना में बाधा एवं प्रतिकूल परिणाम संभावित है।

अतः साधक भक्त को चाहिये कि माँ के चरणारविन्द में अपने को समर्पित कर अपने को माँ पर आधारित माने। माँ स्वयं सही मार्ग दर्शित करेगी और निश्चित सिद्धि प्राप्त होगी।

Your Destiny and Scientific Hand Analysis—by Yaschpaule. Kuala Lampur, Heinemann Asia, 1982 (Reprinted). xii+436pp. Fig. [ISBN 9250008].

In Your Destiny and Scientific Hand Analysis, Yaschpaule analyses and discusses the relationship between the lines on the hand and their possible significance in a person's life. The author explains to the reader what the lines and marks on his palms may tell him about the subject. He does not predict miracles or disasters in this book.

The author writes from long professional experience of fifteen years as a hand analyst. In the course of a successful career, Yaschpaule has analysed the hands of local and foreign celebrities, professionals and laymen. Numerous actual cases are analysed in this book which is well illustrated with diagrams and authentic handprints.

The author has a regular column in the New Sunday Times where he analyses handprints of contributors from all walks of life.

Your Destiny in Thumb: Ancient Indian Science of Thumb Reading (Nirayana or Sidereal System)—by R.G. Rao. New Delhi, Ranjan Publications, 1983. 128pp. Rs. 115.

The substance is gleaned from a cose st udy of the famous "Nadi Granthas" and the entire future of mankind is contained in the palmleaf nadi granthas like the Nandi-Nadi, Ravana Samhita, Suka Nadi and with the assistance of Pandits has been tested and verified over innumerable hands and after arriving at the real truth about it has herein been described together with actual thumb impressions. The source books are in Sanskrit, Tamil and Pali languages. The Ravi, Nadi and Suka Nadis reveal from the symbols of the Palm the exact dates of birth and the tale of previous birth of an individual. But, the Tamil book Ravana Samhita exhibits the Janma Lagna and even the entire history of an individual on the basis of the mysterious signs on thumb. This book "Your Destiny in Thumb" indicates how the 'Lagna' or Ascendant is to be arrived at and definite predictions of life's happenings made from the signs on thumb alone.

ASTRONOMY

Bijganit (Elements of Algebra) with 'Sudha' Hindi Commentary & Expository Notes—by Bhaskaracharya; Ed. by Deva Chandra Jha. Varanasi, Krishnadas Academy, 1983. 408pp. (Krishnadas Sanskrit Series-40). Rs. 50.

प्राचीन और आधुनिक सिद्धान्त ज्योतिष (astronomy) गणित के अधिकारी विद्वान लेखक का ग्रंथ हिन्दी को सिद्धान्त ज्योतिष की अनुपम भेंट है। इसमें रेखा गणित के द्वारा स्पष्ट ग्रहगति की उपलब्धि, अपोलोनियस कृत ताराग्रहों की वक्रमार्ग गति, वक्रकेन्द्रांश का अद्भुत विवेचन, टालमीकृत ताराग्रह मन्दोच्चानवन की प्रशस्त युक्ति तथा अनुवर्त्तवृत (doferent) में मन्दफल और शीघ्रफल का साधन, चन्द्रमा के मन्द फल से स्युति संस्कार (eulation), कोपर्निकस द्वारा सूर्य केंद्रिक ग्रह संस्था में सूर्य से ग्रहों की दूरियों का सोपपत्तिक साधन, चन्द्रसर में नवीन संस्कार, तिथि संस्कार, वार्षिक संस्कार, केप्लर द्वारा ग्रहों की समान कोणात्मक गति के स्थान में समान क्षेत्र फलाक्रमण की स्थापना, न्यूटन के द्वारा इसकी गति, विज्ञानीय उपपत्ति, केप्लर के तृतीय नियम के प्रसिद्ध गुरुत्वाकर्षण के व्युत्क्रम वर्ग नियम की उपलब्धि, पृथिवी, सूर्य तथा ग्रहों और उपग्रहों में गुरुत्वाकर्षण सिद्धान्त व्यापकता, पृथ्वी और ग्रहों के पिण्ड के उपर और

ग्रहों की दृष्टियों का संबंध, आधुनिक कृत्रिम उपग्रह की गति, दूरी, भ्रमण काल का निर्धारण, आदि विषय बोधगम्य रीति से प्रतिपादित किये गये हैं।

हिन्दी में यह पहली पुस्तक है जिसमें प्रवाहमय भाषा में उपन्यास के समान आनन्द के साथ-साथ ग्रहगति विज्ञान के विकास की कहानी देखने को मिलेगी।

Vāstavacandraśṛṅgonnatisādhanam — by Sudhakara Dvivedi; Ed. by Kṛṣṇa Candra Dvivedi. Varanasi, Sampurnananda Sanskrit University, 1982. vi+57pp. (Laghugranthamālā-36). Rs. 8.

Published in the laghu-grantha-mala series, this work is the fruit of research study of M.M. Sudhakara Dvivedi, a twenty year old scholar in Astronomy and Mathematics. The scholar has amalgamated the Eastern and the Western Astronomy and has established the real and unique features of celestial bodies. In 92 verses of various metres in Sanskrit, comparing and contradicting views of Astronomers like Lalla, Bhaskara, Ganesa, Jnanaraja, Kamala Kara Bapudeva Sastri and following modern mathematics, the writer propounds striking thoughts on topics like shape of planets, heat of the sun, the shape of moon, distance of the moon from different planets, celestial measurements, etc. The concentration is on the facts of moon. A noteworthy feature of the book is the language and expression which distinguish it from the pedestrian character from which most research writings suffer. The methodology of the investigation and exposition in the thoughts is marked by thoroughness. The metric style makes the study pleasant.

A lucid exposition of the textual verses has been given in the Sanskrit commentary written by his grand student Srigangadhara Miśra. Another commentary 'unnatatarjanī' is added by the same student to explain the mathematical portions separately. Diagrams, preface, introduction and subject-index add credit to this work.

A remarkable contribution.

Dr. L. Kuppuswamy

AYURVEDA

Aṣṭāṅgahṛdaya—by Vāgbhaṭṭa; Ed. with 'Vidwanmanoranjinī' Hindi Commentary by Kashinath Shastri. Varanasi, Chowkhamba Saraswatibhavan, 1980. 16+268pp. (Krishnadas Ayurveda Series-1). Rs. 15.

अस्टाङ्गसंग्रह विस्तृत ग्रन्थ है, उसका सार (हृदय) लेकर अल्प श्रम करने वालों के लिए यह पृथक बनाया गया है। यह ग्रन्थ आद्यन्त पद्यमय है, अतः कण्ठ करने में आसान है। इसमें कण्ठ करने का ही विशेष महत्व है। इस ग्रन्थ की लेखन शैली तथा विषय-विन्यास आदि सभी प्रशंसनीय हैं, फिर भी सूत्र स्थान अधिक उत्तम है। इस ग्रन्थ का सूत्र स्थान कण्ठ होने पर चिकित्सा-सिद्धान्त का पूर्ण ज्ञान हो जाता है।

आयुर्वेदिक चिकित्सा–सार—ले० राजेश दीक्षित एंव छेदालाल शर्मा। मथुरा, भाषा भवन, १९८३। ३२० पृ०। रु० १२.५०।

आयुर्वेदीय चिकित्सा पद्धति के अनुसरण से कठिन से कठिन रोग का भी अल्पसमय में शमन हो जाता है एंव मनुष्य को स्वास्थय एवं दीर्घ जीवन की प्राप्ति होती है। इस दृष्टि से प्रस्तुत पुस्तक में समस्त आयुर्वेदीय ग्रंथों का निचोड़ संकलित है जिसके अंतर्गत प्रत्येक रोग के लक्षण, चिकित्सा विधि, औषधि एंव पथ्यापथ्य का निर्देश आदि विवरणों को दिया गया है।

इस संदर्भ में औषधियों के प्रयोग व प्राप्ति में सरलता का विशेष ध्यान रखा गया है। चिकित्सा शास्त्र में रुचि रखने वालों के साथ ही प्रत्येक घर में रखी जाने के उपयुक्त पुस्तक है।

Āyurvediya Paribhāṣā (definitions of untold or less told terms of Indian medicine) with Vaidyaparibhā Hindi Commentary by Indradeva Tripathi. Varanasi, Chaukhambha Orientalia, 1982. 12+106pp. (Jaikrishnadas Ayurveda Series-39). Rs. 5.

"आयुर्वेदीय परिभाषा" नामक ग्रन्थ में चरक, सुश्रुत, वाग्भट्ट आदि के विवादास्पद परिभाषाओं का दिग्दर्शन कराते हुए निर्णयात्मक समाधान किया गया है। इस प्रकार का विवेचन अन्य पारिभाषिक ग्रन्थों में नहीं मिलता।

ग्रन्थ के प्रारम्भ में मनु, विष्णु, याज्ञवल्क्य, चरक, सुश्रुत, दृढ़वल आदि विभिन्न आचार्यों के मत मतान्तर का सप्रमाण निरुपण किया गया है। तदनन्तर ग्रन्थों के अनुक्त सांकेतिक विवेचन के बाद कल्क निर्माण, अव्यक्त विषयक विवेचन, पाक प्रकार, प्रक्षेप विवेक लेशोलविवेक आदि विचार सविस्तृत किया गया है। अन्त में मूल ग्रंथकार के द्वारा असंकलित परिभाषाओं का निरुपण करते हुए प्राचीन, अर्वाचीन एवं प्रचलित मान तालिका का समन्वयात्मक विवेचन किया गया है।

आयुर्वेदीय शरीर रचना विज्ञान (Ayurvedic Anatomy)—**ले० ताराचन्द शर्मा। रोहतक, नाथ पुस्तक भण्डार, १९८३ । ४५५ पृ० रू० ४०.**

प्रस्तुत पुस्तक में भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद के पाठ्यक्रमानुसार विषय को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। जहां संस्कृत के पारिभाषिक शब्द दुरूह प्रतीत हये उनके अंग्रेजी नाम भी साथ में दिये गये हैं। इसमें भिन्न-भिन्न ग्रंथों में पाये जाने वाले शरीर संदर्भों को एकत्र कर विषय को अत्यंत सुगम एंव छात्रोपयोगी बना दिया गया है।

चिकित्सा में निपुणता प्राप्त करने का प्रथम और आवश्यक सोपान शरीर विज्ञान है। संसार के रोग रूपी दुःख को हरण करने वाला आयुर्वेदीय सिद्धहस्त चिकित्सक वही बन सकता है जिसने शरीर के अंग प्रत्यंगों की स्थिति, उनका शरीर की दृष्टि से सुक्ष्म-स्थूलावयव ज्ञान, परिभाषा, अंग-प्रत्यंग के परस्पर संबंध आदि शारीर (शरीर संबंधी) का प्रत्यक्ष कर्माभ्यास द्वारा अध्ययन किया हो।

शारीर ज्ञान के बिना रोग निदान नहीं हो सकता और रोग निदान के बिना चिकित्सा असंभव है अतः चिकित्सा का मूल आधार शरीर विषय का सम्यक् ज्ञान है।

वैद्य ताराचन्द शर्मा को शरीर रचना विषय का यथेष्ट अनुभव है अतः उक्त विषय का आयुर्वेद तथा भारतीय वाङ्मय से तो परिश्रमपूर्वक संकलन किया ही है किंतु उन्होंने आधुनिक शरीर रचना विज्ञान के उपादेय अंशों से भी यथास्थान सहायता ली है। उन्होंने चित्रों द्वारा रोग को स्पष्ट करने का सफल प्रयास किया है जिससे विधार्थियों को सुविधा हो।

प्रस्तुत पुस्तक को उन्होंने छात्रों के लिये यथाशक्य उपयोगी बनाने का सुंदर प्रयास किया है। आशा है आयुर्वेद के जिज्ञासु छात्र अवश्य ही इस पुस्तक से लाभान्वित होगें।

चिरस्वास्थ्य, सुख और सफलता के यौगिक सूत्र—ले० बोधायन। कानपुर, बोधायन प्रकाशन, n-d ४८ पृ०। (बोधायन योगमाला-१). रू० २।

आजीवन शारीरिक एवं मानसिक प्रफुल्लता बनाए रखने के लिए इस पुस्तक में अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त योगाचार्य डा० बोधायन ने कुछ यौगिक सूत्र बताए हैं जिनके अनुसरण से व्यक्ति स्वस्थ, सुखी एवं आनंदमय जीवन व्यतीत कर सकता है। आहार, निद्रा, विश्राम, योगासन, पारिवारिक जीवन का स्वरुप आदि जीवन के सभी गूढ़ एवं अनिवार्य विषयों पर इस पुस्तक में चर्चा हुई है। योग एवं अध्यात्म में आस्था रखने वाले व्यक्ति इन यौगिक सूत्रों के अनुसार से अत्यंत लाभान्वित होंगे।

Clinical Salya-Vijñāna—by Akhilanand Sharma. Varanasi, Chaukhamba Orientalia, 1983. 22+210pp. (Jaikrishnadas Ayurveda Series-44). Rs. 25.

'शल्यशास्त्र' चिकित्सा-विज्ञान का एक प्रमुख अंग माना जाता है। इस प्राचीन सिद्धान्त को विश्व के सभी शल्यकोविद (सर्जन) मानते हैं एवं इसकी महत्ता पर भी सभी वर्ग के विद्वानों ने प्रकाश डाला है।

यह पुस्तक भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा स्वीकृत पाठ्यक्रम के अनुसार लिखी गई है। इसमें आयुर्वेद एवं आधुनिक शल्यविज्ञान में प्रचलित शब्दावली प्रयुक्त की गई है। अनेक स्थानों पर आवश्यक चित्रों का समावेश किया गया है जिससे छात्रों के ज्ञान परिवर्धन के साथ-साथ विषय को समझने में सुगमता हो।

Comparative Hindu Materia Medica—by Chandra Chakraberty. Delhi, Neeraj Publishing House, 1983 (Reprinted). 198+ii+6pp. Rs. 100.

Materia Medica, which literally means medical material developed in Ancient India independently, and was unlike Greek medical science, mother of modern medical science in Europe; and Yunani (Muslim medical science). A branch of Ayurveda, Hindu materia medica fell into disuse with the wide popularity of European medicine in India. In this small book Chandra Chakraberty, an authority on Ayurveda, and well-versed in European medical science undertakes a comparative study of Hindu medicine, and proves that various substances which are used in Hindu medicine have greater efficacy; and hence more medical value in the treatment of diseases than European medicine.

The latter is usually used in its pure chemical form whereas, says the author, a majority of the indigenous drugs prescribed in Hindu medical works are excellent therapeutic agents, because a drug used in its native fresh state has more virtue than the European drug which undergoes such chemical changes as are involved in distillation, sublimation, granulation and so on.

Unfortunately, many of the drugs used by Hindu doctors have not yet been thoroughly analyzed and clinically experimented. So that this work can be undertaken by the researchers, in this well-researched book the author provides, arranged alphabetically, a list of drugs used in Hindu medicine and describes their medical value together with their European and Hindu names. The author has described more than 190 genera and 800 species.

Needless to say, Chandra Chakraberty's book will be of invaluable help to the Indian botanists, herbists, druggists and medical practitioners. Its reprint will therefore be a very welcome addition to the small number of Ayurveda books in English.

द्रव्यगुण-विज्ञान—ले० प्रियव्रत शर्मा । २ भाग, छठा संस्करण । वाराणसी, चौखम्भा अमरभारती अकादमी, १८+४२६ पृ०; १८+८७३ पृ० + ६५ चित्र । (वि० आयुर्वेद ग्रन्थमाला-३), रु० ३५ (भाग १); रु० ८० (भाग २) ।

प्रस्तुत ग्रंथ के विवरण में प्राचीन शैली को सुरक्षित रखते हुये आधुनिक विज्ञान द्वारा उपलब्ध ज्ञान का यथासंभव पूर्ण उपयोग किया गया है । वर्णन में यह ध्यान रखा गया है कि द्रव्यों के परिचयात्मक, सैद्धांतिक और प्रायोगिक ये तीनों पक्ष स्पष्ट रुप से अभिव्यक्त हों ।

दर्जनों नये द्रव्यों का समावेश किया गया है जो पिछले संस्करणों में नहीं थे यथा चोरक, गोरक्ष, रुद्राक्ष, शाखोटक आदि । द्रव्यों के लैटिन नाम पुराने नामों के स्थान पर अद्यतन दिये गये हैं । संस्कृत पर्यायों के जो नये अर्थ प्रकाश में आये हैं उन्हें दे दिया गया है । द्रव्यों का वानस्पतिक परिचय विस्तार से दिया गया है, उनकी जातियों पर भी प्रकाश डाला गया है । इसके अतिरिक्त, संग्रहविधि, अप-मिश्रण आदि पर भी आवश्यक जानकारी दी गई है । द्रव्यों की मात्रा जो पहले रत्ती, माशा तोले में थी उसे मीट्रिक मान में परिवर्तित कर दिया गया है। प्रत्येक द्रव्य के विवरण के अंत में शास्त्रीय उद्धरणों के बाद आधुनिक ग्रंथों एवं शोधपत्रों के संदर्भ दे दिये गये हैं, जिससे जिज्ञासुजन अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिये मूलग्रंथ का अवलोकन कर सकें ।

आशा है यह युगानुरूप संस्करण युवा पीढ़ी के लिये बोधक एवं रोचक होगा और भविष्य के लिये शोधप्रेरक भी ।

इस संस्करण में अनेक नवीन विचार समाविष्ट किये गये हैं । प्राक्तन विचारों को संशोधित किया गया है तथा अन्य परिवर्तन किये गये हैं जिससे यह ग्रंथ युगानुरूप हो गया है ।

द्रव्य, उसमें स्थित गुण-कर्म तथा उसके विभिन्न कल्पों की विशद व्याख्या के लिये इस ग्रंथ के चार खंड किये गये हैं —द्रव्यखंड, गुणखंड, कर्मखंड और कल्पखंड ।

द्रव्यखंड में द्रव्य का वर्गीकरण रचनानुसार, कुलानुसार, कर्मानुसार तथा मिश्रक इस क्रम से विस्तृत रूप में दिया गया है । उनमें भी प्राच्य और पाश्चात्य दोनों मत उपस्थित किये गये हैं। आयुर्वेदीय औषध-द्रव्यों को आधुनिक शैली से शरीर के प्रत्येक संस्थान पर होने वाले कर्म की दृष्टि से भी व्यवस्थित किया गया है तथा मिश्रक गणों की भी एक

नवीन व्यवस्था दी गई है। विपाक के संबंध में प्रचलित मतभेदों की विस्तृत समीक्षा की गई है।

कर्मखंड में द्रव्य के कर्मों की व्याख्या प्राचीन और नवीन दोनों दृष्टियों से की गई है। अनेक आधुनिक कर्मों की व्याख्या आयुर्वेदीय सिद्धांतों के अनुसार करने का प्रयत्न किया गया है।

समस्त ग्रंथ के विवेचन में आलोचनात्मक एवं तुलनात्मक शैली को प्रधानता दी गई है। ग्रंथ से संबंध रखने वाले मूलवाक्य सर्वत्र टिप्पणी (फुटनोट) में दे दिये गये हैं जिससे मूलग्रंथ की ओर भी पाठकों का ध्यान आकर्षित हो। आशा है पाठकगण इससे अवश्य लाभ उठायेंगे।

Hand Book of Ayurveda—by Bhagwan Dash and Manfred Junius. New Delhi, Concept Publishing Company, 1983. xi + 221pp. Rs. 70.

Ayurveda is at once a science of life and a system of medicine. In both these aspects it emerges as an Integral science whose object is to study life as a whole.

A Hand Book of Ayurveda is intended as the first of serious course books on Ayurveda which can be utilized with great profit by the assiduous student of Ayurveda, the medical practitioner, the specialist as well as the average housewife or layman who wishes to lead a harmonious life in tune with nature.

Designed espeically keeping in mind the course at the Australian School of Ayurveda in Adelaide, this beautifully produced Hand Book is profusely illustrated with diagrams, charts, line drawings and plates which provide the reader with a visual presentation of nature's bountiful resources which can be utilized to alleviate human suffering and benefit mankind. The blank pages provided at the end of the book are intended to facilitate the student or the teacher in making notes and observations based upon individual experience. This, it is hoped, will add to enrichment of the subject as a whole.

Interpretation of Ancient Hindu Medicine—by Chandra Chakraberty. Delhi, Neeraj Publishing House, 1983 (Reprinted). xxvi—599pp. Rs. 300.

Chandra Chakraberty, an acknowledged authority on Ayurveda of Hindu medicine, offers in this well-written and well-researched treatise an interpretation of the salient principles of Hindu mecinde based upon Charaka and Susruta in modern terminology. Time was when students in India acquired knowledge of Hindu medicine from books written in Sanskrit. But with the growing disuse of Sanskritic learning knowledge of Hindu medicine was necessarily limited only to a few cognoscente. A modern student of Hindu medicine has, therefore, no other choice but to depend on books that are written in English. To such students Chandra Chakraberty's book is addressed.

An Interpretation of Ancient Hindu Medicine is a complete book about Hindu medicine organized into five chapters. Each chapter discusses and explains one particular branch of Hindu medicine. The chapters again are divided into various sections dealing with different topics. These chapters are: Anatomy, Physiology, Pathology, Diseases and their Diagnosis, Diseases and their Clinical Studies. A reader can therefore acquire all that he should know about Hindu medicine from this single book.

In these days when strenuous efforts are being made to revive the indigenous system of medicine throughout India, the reprint of Chandra Chakraberty's book will prove an opportune and welcome publication.

ओंकार से रोग निवारण : ध्वनि विज्ञान पर आधारित भारत की प्राचीन विद्या—ले० चमनलाल गौतम। बरेली, संस्कृति संस्थान, १९८३। ११० पृ०। रु० ३.५०।

रोग निवारण की विभिन्न चिकित्सा पद्धतियाँ यहाँ प्रचलित हैं; एलोपैथी, होमियोपैथी और आयुर्वेद तो प्रमुख हैं, प्राकृतिक और योग चिकित्सा भी लोकप्रिय होती जा रही हैं।

बौद्धिक वर्ग में मंत्र विद्या पर अब विश्वास नहीं रहा है परन्तु ध्वनि विज्ञान पर हुई आधुनिक खोजों ने इस प्राचीन विद्या की वैज्ञानिक पुष्टि कर दी है। ओंकार को श्रेष्ठतम् मंत्र स्वीकार किया गया है। इसलिये इसे मन्त्र सम्राट और मंत्र शिरोमणि की उच्च उपाधियों से विभूषित किया गया है। अतः रोगनिवारण के लिये ओंकार एक संजीवनी का सा कार्य करता है क्योंकि इसकी ध्वनि में समस्त रोगों के निवारण की क्षमता है। आस्ट्रेलिया में एक

वैज्ञानिक डॉ० लेजोरियो का मत है कि श्रोम् के उच्चारण से हृदय, मस्तिष्क, पांव एवं समस्त सूक्ष्म इंद्रियों पर प्रभाव पड़ता है।

वैज्ञानिक परीक्षणों से अब सिद्ध हो चुका है कि श्रोंकार की महाध्वनि शुष्क नाड़ियों में जीवन का संचार करती है और इसे विभिन्न रोगों पर सफलतापूर्वक प्रयुक्त किया जा सकता है।

पदार्थ विज्ञान—ले० रविदत्त त्रिपाठी । लखनऊ, ज्ञान भारती, १६८१ । iii+iii+viii+२३२ पृ० । ग्रन्थसूची । रु० २० ।

एकला चलो रे—ले० युवाचार्य महाप्रज्ञ; सं० मुनि दुलहराज । चुरु, आदर्श साहित्य संघ, १९८२ । २७४ पृ० । रु० २० ।

इस ग्रन्थ में व्यक्ति की अस्मिता को प्रकाश में लाने का प्रयत्न किया गया है। व्यक्ति समूह के बीच रहकर भी समूह की मानसिकता से हट सके और स्वतंत्र चिंतन कर सके, सर्वत्र यही लेखक की चेष्टा है । स्थान-२ पर उदाहरण के रूप में दी गई कहानियों ने जहां इस मार्ग को साधारण जनों के लिए बोधगम्य बनाया है वहीं पुस्तक की रोचकता भी इससे बढ़ गई है । सुधी पाठक इस ग्रन्थ के अनुसार आचरण करने पर जीवन में एक नवीन उल्लास व उद्देश्य का दर्शन करने में सक्षम होंगे

गजेन्द्र व्याख्यान माला-१—सं० गर्जसिह राठोड़ एवं प्रेमराज बोगावत । द्वितीय संस्करण । जयपुर, सम्यग्ज्ञान प्रचारक मण्डल, १९८२ । १९९ पृ० । रु० ४.५०

प्रस्तुत पुस्तक में ई० सन् १९७५ के ब्यावर चातुर्मास के समय पर्युषण पर्वाधिराज के अवसर पर आचार्यश्री द्वारा कृपापूर्वक फरमाये गये ८ दिनों के व्याख्यान अति स्वल्प संपादन के साथ यथावत् रूप में प्रस्तुत किये गये हैं ।

इन आठ दिनों के प्रवचनों में ही आचार्यश्री ने सुख और शांति के प्रशस्त पथ का दिग्दर्शन कराते हुये, सभी प्रकार के दुखों, दुविधाओं, ताप एवं संतापों से मुक्ति पाने के अमोघ उपाय बताते हुये तथा सभी प्रकार की गुत्थियों, उलझनों एवं जटिल समस्याओं को सुलझाने के रहस्य का उद्घाटन करते हुये मानों सुधा के अगाध सागर को गागर में भर दिया है।

गजेन्द्र व्याख्यानमाला-२—सं० गर्जसिह राठोड़ एवं प्रेमराज बोगावत । जयपुर, सम्यग्ज्ञान प्रचारक मण्डल, १९७६ । छ+२१६ पृ० । रु० ५ ।

प्रस्तुत पुस्तक में आचार्य श्री द्वारा, सन् १९७३ के जयपुर वर्षावास के समय कृपापूर्वक फरमाये गए

व्याख्यानों में से प्रारंभिक १३ दिनों के व्याख्यान प्रकाशित किये गये हैं। इन प्रवचनों में आचार्यश्री का विराट स्वरूप एक महान भविष्यद्रष्टा के रूप में स्पष्टतः उभरा हुआ, निखरा हुआ प्रतीत होता है। आज जिस प्रकार का घटनाचक्र चल रहा है उसका आज से तीन वर्ष पूर्व ही आचार्यश्री ने अपने व्याख्यानों में पूर्णतः स्पष्ट और विशद रूप में संकेत दे दिया था। इससे यह आभास होता है कि बाल्यकाल से ही अध्यात्मसाधना में सतत निरत इस महान योगी ने आत्मदर्शन के साथ-साथ युग-दर्शन कारिणी, भविष्यदर्शन कराने वाली दिव्य आध्यात्मिक शक्ति भी उपार्जित कर ली है।

तत्त्व ज्ञान और सत्पथप्रदर्शक उपदेशों से ओत-प्रोत 'गजेन्द्र व्याख्यान-माला' के इस द्वितीय पुण्य-स्तबक की मन, मस्तिष्क एवं अंतःकरण को आध्यात्मिक अशोकवाटिका की ओर आकर्षित करने वाली मोहक सुगन्ध से सुविज्ञ पाठक अधिकाधिक लाभ उठायेंगे, ऐसी आशा है।

गजेन्द्र व्याख्यान माला–६—सं० हरिरास । जयपुर, सम्यग्ज्ञान प्रचारक मण्डल, १९८३ । ३५७ पृ० । रु० ७ ।

परम श्रद्धेय आचार्य श्री हस्तीमल जी म०सा० वर्तमान संत परंपरा के उज्जवल नक्षत्र हैं। आत्म कल्याण के साथ-साथ लोक कल्याण का पथ प्रशस्त करना इनकी साधना और चिंतन का मुख्य लक्षय रहता है।

ज्ञान की सार्थकता क्रिया अथवा आचरण में है। अतः आचार्यश्री ने ज्ञान के साथ आचरण और आचरण के साथ ज्ञान जोड़ने की दृष्टि से जन-जन को सामयिक और स्वाध्याय की प्रेरणा दी। सन् १९७९ का चातुर्मास इनका जलगांव में हुआ। जलगांव के इस चातुर्मास में आचार्यश्री ने अपने प्रवचनों में मुख्यतः संस्कार-निर्माण, व्यवहार-शुद्धि और स्वाध्याय शीलता पर विशेष बल दिया। इन प्रवचनों का लाभ जन-जन को मिले, इस भावना से २७ प्रवचनों का चयन गजेंद्र व्याख्यान माला (भाग-६) में किया गया है।

गणधरवाद का गुजराती से हिन्दी अनुवाद—ले० दलसुख भाई मालवणिया; अनु० पृथ्वीराज जैन; संशो० एवं सं० विनयसागर एवं औंकारलाल मेनारिया । जयपुर, राजस्थान प्राकृत भारती संस्थान, १९८२ । १८+२६४ पृ० । (प्राकृत भारती पुष्प-१०) । रु० ५० ।

मूल, टीका, और उनके प्रणेताओं से संबंधित परंपरागत एवं ऐतिहासिक परिचयात्मक तथ्यों का दोहन कर, उसे प्रस्तावना में प्रामाणिक रूप से प्रस्तुत किया गया है। जैन दर्शन सम्मत नव तत्त्वों के विचार का विकास प्राचीन काल से चलने वाली अन्य अनेकविद्य दर्शन-परंपराओं के मध्य में किस प्रकार से हुआ है, उसकी कालक्रम से तुलना करते हुये ऐसी पद्धति से प्रतिपादन किया है जिसमें वेद, उपनिषद, बौद्ध, पालि और संस्कृत के ग्रंथों तथा वैदिक-सम्मत लगभग समस्त दर्शनों के प्रमाणभूत ग्रंथों का निष्कर्ष आ जाता है।

नव तत्त्वों को आत्मा, कर्म और परलोक, इन तीन तत्त्वों (मुद्दों) में संक्षेप कर, उनकी अन्य दर्शन-सम्मत विचारधारा के साथ विस्तार से एसी तुलना की गई है कि जिससे उन तत्त्वों से संबंधित समस्त भारतीय दर्शनों के विचार वाचक एक ही स्थान पर हृदयंगम कर सके।

जैन ज्योतिर्लोक—ले० मोतीचन्द जैन एवं रवीन्द्र कुमार जैन । हस्तिनापुर, दि० जैन त्रिलोक शोध संस्थान, १९७३ । १४+८२ पृ० । (वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला-२) । रु० १.५० ।

प्रस्तुत-पुस्तिका अपने नाम से ही अर्थ की सार्थकता दिखलाती हुई दृष्टिगत होती है क्योंकि इसमें न केवल ज्योतिर्लोक का ही वर्णन है अपितु मध्यलोक के द्वीप, समुद्रों, नदी, पहाड़ों एवं क्षेत्र विभागों का भी वर्णन है। इसमें उन अकृत्रिम चैत्यालयों का भी वर्णन है जो कि मध्य लोक में ४५८ की संख्या में सदा शाश्वत विद्यमान हैं। सौरमंडल में कितने ग्रह, नक्षत्र, सूर्य, चंद्र और तारे हैं उनकी संख्यामय ऊंचाई व विस्तार

आधुनिक माप के माध्यम से दी है। त्रिलोकसार, तिलोयपण्णत्ति, लोक-विभाग, राजवर्तिक, श्लोक-वार्तिक, आदि ग्रंथ ही इस पुस्तक की आधारशिला हैं।

इस पुस्तक में विशेषतः तीन विषय रखे गये हैं—(१) ज्योतिर्लोक (२) भूलोक और (३) अकृतिम-चैत्यालय।

आशा है जिनागम में श्रद्धा रखने वाले भव्य पुरुष अपने उपयोग की स्थिरता करने वाली और संस्थान विचय धर्म ध्यान में कार्यकारी होने वाली इस पुस्तक को रुचि से पढ़ेंगे।

जैन कहानियां—ले० मुनि महेन्द्रकुमार । जयपुर, राजस्थान प्राकृत भारती संस्थान, १९८१ । ८० पृ० । (प्राकृत भारती पुष्प-९) । रु० ४ ।

संस्कृति भी काल के अथाह धरातल पर प्रवध्यान रहती है। वह शताब्दियों, सहस्त्राब्दियों का अवगाहन करती है। उस संस्कृति का वाहक तत्त्व मुख्यतः साहित्य ही होता है। उसका अवरोधक तत्त्व होती है साहित्यिक शून्यता।

वैदिक संस्कृति की धारा को हमारे तक बहाकर ला रहा है वैदिक-साहित्य। जैन संस्कृति को हमारे तक ला रहा है आगम साहित्य। बौद्ध संस्कृति को हमारे तक ला रहा है पिटक-साहित्य। साहित्य में भी संस्कृति को व्यापक स्तर पर बहा पाने वाला है कथा साहित्य। जिसे हम भारतीय संस्कृति कहते हैं, वेद, उपनिषद, आगम व पिटक पर ही आधारित रहती तो वह विद्वज्जगत तक ही सीमित रह जाती। उक्त आधार भूत शास्त्रों का हार्द जब कथा के माध्यम से प्रवाहित हुआ, तब ही वह विद्वज्जन की सीमा को तोड़कर जन जन का विषय बनी व भारतीय संस्कृति कहलाई।

कथा साहित्य की ही विशेषता है कि वह लेखनी की तरह केवल वाणी के सहारे भी उत्तरोत्तर गतिमान हो जाता है।

पौराणिक कथाओं की अभिधा से वैदिक कहानियां तथा जातक कथाओं की अभिधा से बौद्ध कहानियां बहुत पहले ही हिन्दी साहित्य में प्रवेश पा चुकी थीं। स्व० मुनि महेन्द्र कुमार जी 'प्रथम' का अभिप्रेत था, जैन कहानियां भी हिन्दी के माध्यम से सर्वसाधारण का विषय बनें। वे अपने लक्ष्य में परिपूर्ण सफल रहे।

जैन साहित्य जैन परिधि से बाहर भी आदरास्पद हो सार्वजनिक पुस्तकालयों का विषय बने, यही साहित्य की अपेक्षित सफलता होती है। जैन कहानियां भाग २७ तक प्रकाशित हो चुकी हैं।

जैन रामायण (त्रिशष्टि शलाका पुरुष चरित्र का सातवां पर्व)—ले० हेमचन्द्र; अनु० पद्मविजय जी म० गणीवर्य । दिल्ली, श्री निर्ग्रन्थ साहित्य प्रकाशन संघ, १९८२ । viii + २१६ पृ० । रु० १० ।

आधुनिक युग में नष्ट हुई मर्यादा और मानवता की पुनः प्रतिष्ठा के लिये यह रामायण एक उत्तम ग्रन्थ है। इसमें श्रीराम जी की पितृ भक्ति, श्री हनुमान की स्वामीभक्ति, सीता जी का आदर्श पत्नीत्व, भरत का वैराग्य, लक्ष्मण जी का भ्रातृ-प्रेम, रावण की प्रतिज्ञाबद्धता और कैकेयी को पाप पर घोर पश्चाताप इत्यादि सर्व प्रकार के पात्र रखे हैं। ये सभी गुण-आचार जीवनमय बनें, यही जैन कथाकारों का भावार्थ है।

जैन साहित्य के विविध आयाम—सं० सागरमल जैन । प्रथम खण्ड । वाराणसी, पार्श्वनाथ विद्याश्रम शोध संस्थान, १९८१ । ८६ पृ० । (पार्श्वनाथ विद्याश्रम लघु प्रकाशन-४) । रु० ५ ।

श्रमण भगवान महावीर एक विराट व्यक्तित्व के धनी महापुरुष थे। उनकी दृष्टि अत्यधिक पैनी थी। समाज में पनपती हुई आर्थिक विषमता, विचारों की विविधता और कामजन्य वासना के काले-कजरारे दुर्दमनीय नागों को उन्होंने अहिंसा, सत्य, संयम और तप के गारन्टी संस्पर्श से कीलकर समता, सद्भावना व स्नेह की सरस सरिता प्रवाहित की। अजान अंधकार में भटकती हुई मानव प्रजा को शुद्ध सत्य की ज्योति का दर्शन कराया। यही उनके प्रवचनों का मुख्य

उद्देश्य था। उनके पवित्र प्रवचन जो अर्थ रूप में थे, उनका संकलन आकलन, गणधरों व स्थिवरों ने सूत्र रूप में किया। अर्धमागधी भाषा में संकलित यह आगम साहित्य विषय की दृष्टि से, साहित्य की दृष्टि से व सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है।

इसमें जैन श्रमणों के उत्कृष्ट आचार-विचार, व्रत-नियम, सिद्धान्त, स्वमतसंस्थापन, परमतनिरसन, प्रभृति, अनेक विषयों पर विस्तार से विश्लेषण है। विविध आख्यान, चरित्र, उपमा, रूपक, दृष्टांत आदि के द्वारा विषय को अत्यंत सरल व सरस बनाकर प्रस्तुत किया गया है। वस्तुतः आगम साहित्य जैन संस्कृति इतिहास, समाज और धर्म का आधार स्तम्भ है।

इसमें जैन आचारशास्त्र के विधि-विधानों की सूक्ष्म चर्चा है। हिंसा-अहिंसा, जिनकल्प व स्थविर-कल्प की विविध अवस्थाओं का विशद् विश्लेषण किया गया है। क्रियावादी, अक्रियावादी आदि ३६३ मत-मतान्तरों का उल्लेख है। कर्म, कर्म का स्वभाव, कर्म-स्थिति, रागादि की तीव्रता से कर्म बंध, कर्म का वैविध्य, समुद्घात, शैलेषी अवस्था, उपशम और क्षपक श्रेणी पर गहराई से चिन्तन किया गया है। क्षिप्तचित्त और दीप्तिचित्त श्रमणों की चिकित्सा की मनोवैज्ञानिक विधि प्रतिपादित की गई है।

जीवन और जगत् के विविध अनुभवों की जान-कारी का यह साहित्य अनुपम कोश है।

जैन सिद्धान्त दीपिका—ले० आचार्य तुलसी; सं० एवं अनु० युवाचार्य महाप्रज्ञ। तृतीय संस्करण। चूरू, आदर्श साहित्य संघ, १९८२। २२+१९६ पृ०। रु० ८।

जैन धर्म दर्शन का क्षेत्र जितना अधिक विस्तृत है उससे कहीं अधिक गंभीर भी है। इसमें एक ओर जहां गुणस्थान, जीवसमास, मार्गणा, आदि विविध विषयों की विवेचना करने वाले कसायपाहुड, महाबन्ध, गोम्मटसार जैसे सिद्धांत-ग्रंथों का प्रवचन हुआ है तो दूसरी ओर शुद्ध चैतन्यरूप आत्मद्रव्य की व्याख्या करने वाले समयसार, प्रवचनसार आदि अध्यात्म ग्रंथों की भी रचना हुई है।

एक और विशेषता यह है कि जैन आचार्यों की चिन्तन-मनन और विवेचन की पद्धति गंभीर होते हुये भी अनेक अर्थों में वैज्ञानिक रही है। यही कारण है कि अपनी प्राचीनता के बावजूद जैन धर्म दर्शन अपेक्षाकृत अधिक प्रभावी और समसामयिक सिद्ध हुआ है। कहना न होगा कि आज के दार्शनिक, चाहे वे पूर्व के हों या पश्चिम के, इसके अध्ययन में पहली बार इतनी अधिक रुचि ले रहे हैं।

जैनविद्या के मनीषी विद्वान सिद्धान्ताचार्य पं० कैलाशचन्द्र शास्त्री ने प्रस्तुत कृति की रचना कर सैद्धांतिक विषयों को सहज सुबोध तो बनाया ही है, इस रचना के माध्यम से अनेक विवादग्रस्त विषयों पर आगमानुकूल प्रकाश भी डाला है।

प्रस्तुत कृति में जिन विषयों का विवेचन है उनमें प्रमुख हैं—चार अनुयोग, द्रव्य-गुण-पर्याय, स्याद्वाद-नयवाद, कार्य-कारण विचार; जीव-आत्मा, गुणस्थान, मार्गणायें, पुण्य-पाप, सम्यग्दर्शन-सम्यग्ज्ञान, सम्यक् चरित्र तथा उनका पारस्परिक संबंध, सिद्धांत एवं अध्यात्म का विषयभेद। निःसंदेह यह कृति जैन धर्म के प्रारंभिक पाठकों तथा स्वाध्याय-प्रेमियों के लिये उपयोगी सिद्ध होगी।

जैन योगः सिद्धान्त और साधना (जैनागमों में अष्टांग योग का परिष्कृत व परिवर्द्धित संस्करण)—ले० आत्मा राम; सं० अमर मुनि। मनसा मण्डी (पंजाब), आत्म ज्ञानपीठ, १९८३। ६४+४२[illegible] पृ० ग्रन्थसूची, परिशिष्ट। रु० ८० (पुस्तकालय संस्करण); रु० ५० (साधारण संस्करण)।

प्रस्तुत पुस्तक में जैन परंपरा सम्मत योग-प्रणाली को ध्यान में रखकर योगविद्या के इतिहास, योग के विभिन्न प्रकार, साधनायें और यौगिक उपलब्धियों के विषय में सर्वथा मौलिक तथा स्वतंत्र दृष्टि से चिंतन करते हुए आज तक के ज्ञान-विज्ञान की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं अनुसंधान के आलोक में विवेचन किया गया है।

जैनाचार्य पूज्य श्री जवाहरलाल जी की जीवनी —ले० शोभाचन्द्र भारिल्ल। प्रथम भाग, द्वितीय संस्करण। बीकानेर, अखिल भारतीय साधुमार्गी जैन संघ, १९८२। ७+४३८ पृ०। रु० २५।

परम श्रद्धेय युगद्रष्टा, क्रान्तदर्शी, ज्योतिर्धर आचार्य पूज्य श्री जवाहरलाल जी म० सा० भारतीय संत परंपरा के जाज्वल्यमान नक्षत्र थे।

आचार्य श्री का व्यक्तित्व बड़ा आकर्षक और प्रभावशाली था। उन्होंने भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के सत्याग्रह, अहिंसक प्रतिरोध, खादी धारण, गोपालन, अछूतोद्धार, व्यसन मुक्ति जैसे रचनात्मक कार्यक्रमों में सहयोगी बनने की जनमानस को प्रेरणा दी और दहेज प्रथा, बाल-विवाह, वृद्ध-विवाह, मृत्यु-भोज, सूदखोरी जैसी कुप्रथाओं के खिलाफ लोकमानस को जागृत किया।

साहित्य की विभिन्न विधायों में जीवनी का अपना विशिष्ट स्थान है। इसमें चरित्र नायक की छोटी-छोटी बातों और घटनाओं का उसके अन्तर और बाह्य व्यक्तित्व का कलात्मक निरूपण किया जाता है।

इस जीवनी के चार अध्यायों में आचार्य श्री के प्रारंभिक जीवन, मुनिजीवन, आचार्य जीवन और जीवन की संध्या का विस्तृत और क्रमबद्ध रोचक विवरण प्रस्तुत किया गया है। परिशिष्ट में पूज्य श्री के प्रति विभिन्न मुनियों, राजा-रईसों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं एवं विद्वानों द्वारा समर्पित भावभीनी श्रद्धांजलियां संकलित की गई हैं। अंत में कतिपय सैद्धांतिक चर्चायें भी दी गई हैं।

आशा है इस जीवनी के पठन से व्यक्ति और समाज को नई स्फूर्ति, शक्ति और प्रकाश मिलेगा।

Jainism. 2nd Edn. Bombay, Shree Vallabha Suri Smarak Nidhi, 1972. 4+97 pp. (Shree Vallabha Suri Jain Literature Series-2). Rs. 1.50.

There are thousands of Sadhus in the world but the Jain monks and nuns are well known for their austerity and severe vows. They have to practise the five great vows in their perfect and highest possible forms—Non-injury, Truthfulness, Non-stealing, Celibacy and Non-attachment to worldly objects. Their life is one of complete self help. They are not to be a burden on society in any way. They always travel on foot, wear the fewest possible clothes (some even discard clothing altogether), have no house or property of their own and are expected to know many languages for the purpose of propagating the message of peace among the people of different nations. They take only simple, purely vegertarian diet, just sufficient to keep body and soul together, beg their food from different houses and have neither attachment nor enmity towards any living being.

Jainism : A New Look—by N. Madhava Rao. Bangalore, Bappco., 1981. 87 pp. Rs. 9.50.

In the author's estimation, Jainism is a perennial philosophy par excellence which is relevant to all times and situations, whether ancient or modern. The three clear arguments of philosophical Anekanthavada, logical Syadvada and ethical Sarvatmyavada, derived from the three Jainological doctrines of Right vision, Right knowledge and Right conduct—all rolled into a package deal of the Jain way of life—entitles Jainism to be regarded not merely as a School of philosophy, but as the philosophy of philosophies. Having presumably invented the Middle-of-the-road doctrine, and basing itself squarely on it as the main plank of its policy of steering clear of all philosophical extremes and ideological excesses, Jainism has not only influenced and shaped the philosophical benefit of India in the past 25 centuries, but brought about a unification of it. In playing the part of an honest broker in the philosophical money market, Jainism has to its credit the successful accomplishment of reconciling many opposed schools of philosophy and demonstrating the value of the principle of the "Golden Mean" in resolving ideological conflicts and ironing out philosophical differences—an idea which Greek philosophers must conceivably have taken from Jain philosophy and made it world famous. By putting the sanctity of life in all its forms even above Truth, and evolving an exemplary Code of Conduct with five commandments and stress amounting to overemphasis on the primacy of the Law of Non-violence (Ahimsa Dharma) as whole duty of a man who calls himslf a human being and claims to have risen above the level of beast,

Jainism stands out as the most human and civilised of all philosophical systems.

जाति-स्मरण ज्ञानः एक अध्ययन (पूर्व जन्मों को जानने की विधियां)—ले० मुनि महेन्द्रकुमार। जयपुर, राजस्थान प्राकृत भारती संस्थान, १६८१। ४७ पृ०। (प्राकृत भारती पुष्प-८)। रु० ३।

'जाति-स्मरण-ज्ञान : एक अध्ययन' नामक पुस्तक स्व० मुनि महेन्द्र कुमार जी 'प्रथम' की अंतिम रचनाओं में से एक है। इसमें पूर्व जन्म स्मृति विषय को शास्त्रीय घटना प्रसंगों से खोला है। प्रत्येक घटना प्रसंग अन्वेषकों को चिंतन की दशा देता है कि—जैन परंपरा में कहा जाने वाला यह जाति स्मरण ज्ञान कैसे पैदा हुआ, क्यों पैदा हुआ तथा उसके क्या निमित्त थे। स्व० मुनि महेंद्र कुमार जी 'प्रथम' पारंगत योगी थे, अतः उन्होंने उन प्राक्थन संदर्भों को योग की तुला पर तोला है तथा योग की शब्दधारा में उनको व्याख्यायित किया है। यह विशेषतः उल्लेखनीय है कि लेखक ने प्रस्तुत निबंध में पूर्वजन्म स्मृति कैसे प्राप्त की जा सकती है, इस पर भी अपना दृढ़ अध्यवसाय व्यक्त किया है। यह उनका अनुभूति का विषय भी हो सकता है।

जिनवरस्य नयचक्रम् (पूर्वार्ध)—ले० हुकमचन्द भारिल्ल। जयपुर, पण्डित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट, १६८२। २०४ पृ०। रु० ६।

प्रस्तुत कृति 'जिनवरस्य-नयचक्रम' जिनागम में समागत नयों का हिन्दी भाषा में सरल, सुबोध, संक्षिप्त किंतु प्रामाणिक विवेचन प्रस्तुत करने का प्रथम प्रयास है। प्रस्तुत भाग (volume) 'जिनवरस्य नयचक्रम' का पूर्वाद्ध है।

इसमें नय ज्ञान की आवश्यकता, नय का सामान्य स्वरूप, नयों की प्रामाणिकता, नयों की संख्या और निश्चय व्यवहारनयों का विस्तृत विवेचन प्रस्तुत किया गया है।

निश्चय व्यवहारनय यद्यपि आज के बहुचर्चित विषय हैं, तथापि इनके सम्यक् परिज्ञान का अभाव भी सर्वत्र दिखाई देता है। यही कारण है कि सभी विवादों को सुलझाने की सामर्थ्य रखने वाले ये नय आज सर्वाधिक विवाद के विषय बने हुये हैं।

प्रस्तुत कृति में इनके प्रतिपादन को यथेष्ट विस्तार दिया गया है। निश्चय और व्यवहार नयों के भेद-प्रभेदों को आगम के आलोक में अनेकानेक युक्तियों एवं उदाहरणों के माध्यम से पर्याप्त विस्तार के साथ स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है।

बीच-२ में उठने वाले प्रश्नों, शंकाओं एवं आशंकाओं को यथास्थान प्रश्नोत्तरों के माध्यम से साधार, सोदाहरण एवं सयुक्ति स्पष्ट कर दिया गया है।

आगम में विविध प्रकार के विविध प्रयोग पाये जाते हैं। उन्हें भी यथासंभव प्रस्तुत कर उनके संदर्भ में उठने वाली आशंकाओं के समाधान का प्रयास किया गया है।

पक्षव्यामोह से विरत रहकर लिखी गई इस कृति की सर्वाधिक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसमें नयों के प्रयोग का सम्यक्फल, आत्मानुभूति को प्राप्त करने की प्रेरणा पढ़-पढ़कर प्राप्त होती है। यही कारण है कि नय-विषयक ग्रंथ होकर भी यह आद्योपांत आध्यात्मिक गंध से सुगंधित है।

महावीर-वाणीः प्राचीन आगम-साहित्य से संकलित तथा हिन्दी-रूपान्तर सहित—सं० देवेन्द्र कुमार। वाराणसी, वीर-सेवा मन्दिर-ट्रस्ट, १६७५। ६+१०३ पृ०। (युगवीर समन्तभद्र ग्रन्थमाला-१०)। रु० २.५०।

'महावीर वाणी' के रूप में इस पुस्तक में लगभग छहसौ सूक्तियों का संकलन तीर्थंकर महावीर के पच्चीससौवें निर्वाण-महोत्सव के उपलक्ष्य में प्रस्तुत किया जा रहा है। इसमें भगवान् महावीर की वाणी का सार संकलित है, जिसे प्राचीन आगम ग्रन्थों से, जो कि अधिकतर प्राकृत भाषा में हैं, कुछ महत्वपूर्ण सिद्धान्त तथा रीति-नीति को निर्दिष्ट करने वाली उक्तियों द्वारा संचयन किया गया है। भगवान महावीर ने धर्म का द्विविध मार्ग बतलाया था—साधु और गृहस्थ

के लिए। साधु या श्रमण का धर्म वैयक्तिक था और गृहस्थ का समाज के लिए सामाजिक। अतएव व्यक्तिधर्म और समाज धर्म के रूप में उनके विचारों का इसमें आकलन है।

Nandi Sūtra—by Devavāchak; Ed. by Mishrimalji; Tr. & Annot. by Sadhvi Umrāvakunwar 'Archana'. Beawar, Sri Agam Prakashan Samiti, 1982. 219 pp. (Jinagam Granthamala Publications-12). Rs. 28.

नन्दीसूत्र का अनुवाद और विवेचन श्रमणसंघीय प्रख्यात विदुषी महासती श्री उमरावकुंवरजी म० 'अर्चना' ने किया है। प्रस्तुत आगम का अनुवाद सरल और सुबोध भाषा में होने से स्वाध्यायप्रेमी पाठकों के लिये यह संस्करण अत्यंत उपयोगी होगा, ऐसी आशा है।

प्रस्तुत सूत्र परम मांगलिक माना जाता है अतएव साधु-साध्वी-गण इसका सज्झाय करते हैं; अनेक अनेक श्रावक भी। जैन परंपरा का साहित्य बहुत विशाल है। नन्दीसूत्र जैन दृष्टि से ज्ञान के स्वरूप और भेदों का विश्लेषण करने वाली एक सुंदर एवं सरल कृति है।

नन्दी और अनुयोगद्वार चूलिका सूत्र कहलाते हैं। चूलिका शब्द का प्रयोग उस अध्ययन अथवा ग्रंथ के लिये होता है जिसमें अवशिष्ट विषयों का वर्णन अथवा वर्णित विषयों का स्पष्टीकरण किया जाता है: नंदी सूत्र में पंचज्ञान का विस्तार से वर्णन किया गया है। नन्दीसूत्र की रचना गद्य व पद्य दोनों में है। सूत्र का ग्रंथमान लगभग ७०० श्लोक प्रमाण हैं। नन्दीसूत्र में, आवश्यकनिर्युक्ति में और विशेषावश्यक भाष्य में ज्ञानवाद को अत्यंत विस्तार से वर्णन किया गया है। यह सूत्र अपने रचनाकाल से ही समाज में अत्यंत लोकप्रिय रहा है।

न अधिक विस्तृत, न अधिक संक्षिप्त, मध्यम शैली में तैयार किया गया यह संस्करण विशेषतय सबके लिये बोधप्रद होगा।

प्रवचन-प्रभा—ले० साध्वी मणिप्रभा श्री। २ भाग संयुक्त। तृतीय संस्करण। इन्दौर, श्री विचक्षण प्रकाशन, १९८३। १९८ पृ०। रु० ५।

'प्रवचन-प्रभा' साध्वी श्री मणिप्रभाजी के इन्दौर-चातुर्मास की एक जनोपयोगी फलश्रुति है। इस संकलन में ७ प्रवचन तथा कतिपय प्रवचनांश संपादित हैं। प्रवचनों के प्रतिपाद्य को कुछ इस तरह संयोजित करने का प्रयत्न किया गया है कि पाठक को अनायास ही एक संपूर्ण जीवन-दृष्टि मिल सके।

भाषा और दृष्टांत इतने सरल, सुबोध हैं कि इन्हें समझने में पाठक के चित्त पर अलग से कोई दबाव नहीं पड़ता।

आशा है पाठक इससे लाभान्वित होंगे।

प्रवचन सार-सौरभ एवं अध्यात्म रहस्य—ले० कुंदकुंदाचार्य; सं० नथू राम डोंगरीय जैन। इन्दौर, जबर चन्द फूलचन्द गोधा, १९२२। ८+२४० पृ०। रु० ७।

प्रवचनसार ग्रंथ मूलतः भगवान् महावीर के प्रवचनों का सार है; जिसकी गणना अध्यात्मपरक जैनदर्शन के सर्वोच्च ग्रंथ रत्नों में की गई है।

ग्रंथकार ने इसमें प्राणियों का अनादिकालीन मोह क्या है और उसे कैसे दूर किया जा सकता है, जिससे कि उनका मुक्तिमार्ग प्रशस्त हो सके—इसका सूक्ष्मता के साथ तलस्पर्शी विवेचन किया है। उनके मतानुसार जीवों का जो स्व-पर, द्रव्य, गुण एवं पर्यायों के प्रति मूढ़ भाव है (अज्ञान जनित भ्रम है) वही मोह है। इस मोह को दूर करने का एकमात्र उपाय भी स्व और पर द्रव्यों के गुण-पर्यायों का यथार्थ ज्ञान प्राप्त कर वस्तु के शुद्ध स्वरूप की पहिचान द्वारा भ्रम-निवारण ही है।

अंत में उन्होंने संसार तत्त्व और मोक्षतत्त्व का कथन कर उनकी हेयोपादेयता दर्शाते हुये मुक्ति (निर्वाण) प्राप्त करने की प्रेरणा की है जो कि संपूर्ण मनोरथों की पूर्ति करने वाला है।

प्रस्तुत 'प्रवचनसार' तत्त्व जिज्ञासुओं को अध्यात्म मंदिर में पहुंचने के लिये प्रवेश द्वार के समान है।

Rājaprashnīya Sūtram (Original Text, Hindi Version, Notes, Annotations, Appendices, etc.); Ed. by Mishrimalji Maharaj 'Madhukar'; Tr. & Annot. by Ratan Muni. Beawar, Sri Agam Prakashan Samiti, 1982. 40+244 pp. (Jinagam Granthamala-15). Rs. 30.

राजप्रश्नीय सूत्र सूत्रकृतांग का अपांग माना गया है। अनेक दृष्टियों से यह एक महत्वपूर्ण आगम है, जिसमें सूर्याभदेव संबंधी विस्तृत विवेचन है। राजप्रश्नीय सूत्र की परिगणना अंगबाह्य आगमों में की गई है। वह द्वितीय उपांग है।

प्रस्तुत आगम दो भागों में विभक्त है। इसमें प्रथम विभाग में 'सूर्याभ' नामक देव श्रमण भगवान महावीर के समान उपस्थित होता है और वह विविध प्रकार के नाटकों का प्रदर्शन करता है। द्वितीय विभाग में राजा प्रदेशी का केशी कुमार श्रमण से जीव के अस्तित्व और नास्तित्व को लेकर मधुर संवाद हैं।

प्रस्तुत आगम का प्रारंभ 'आमलकप्पा' नगरी से होता है जो पश्चिम विदेह में श्वेताम्बिका के समीप थी।

राजप्रश्नीय कथाप्रधान आगम होने से इस पर न निर्युक्ति लिखी गई, न भाष्य की रचना हुई और न चूर्णि का निर्माण ही हुआ। इस पर सर्वप्रथम आचार्य मलयगिरि ने संस्कृत भाषा में टीकानिर्माण किया। उनमें आगमों के गंभीर रहस्यों को तर्कपूर्ण शैली में व्यक्त करने की अद्भुत कला और क्षमता थी।

प्रस्तुत आगम और उसकी टीका में जड़वाद और आत्मवाद का सुंदर विश्लेषण हुआ है। साम, दाम, दण्ड, नीति के अनेक सिद्धांत इसमें समाविष्ट हैं। भगवान् पार्श्वनाथ की परंपरा से संबंधित अनेक तथ्य इसमें आये हैं। राजा प्रदेशी और केशी श्रमण का जो संवाद है, साहित्यिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

राजप्रश्नीय का यह अभिनव संस्करण आगम प्रकाशन समिति ब्यावर द्वारा प्रकाशित हो रहा है। राजप्रश्नीय के इस संस्करण की अपनी मौलिक विशेषता है—शुद्ध मूलपाठ, भावार्थ और संक्षिप्त विवेचन। प्रस्तुत आगम भौतिकता की तनावपूर्ण स्थिति को समाप्त कर जीवन में धर्म की सुरीली स्वर-लहरियां झंकृत करेगी, ऐसी आशा है।

राजस्थान का जैन साहित्य—सं० अगरचन्द नाहटा। जयपुर, प्राकृत भारती, १९७७। २७+४९४ पृ०। (प्राकृत-भारती पुष्प-२)। रु० ३०।

प्रस्तुत ग्रंथ में गणमान्य विद्वानों के लेखों ने जैन साहित्य को प्रकाश में लाने का सफल प्रयत्न किया है। इन लेखों में प्राचीन लेखकों, साधकों और ग्रंथों की समीक्षा देकर जिज्ञासुओं की ज्ञान पिपासा को किसी सीमा तक बुझाने में सफलता प्राप्त की गई है।

प्रस्तुत ग्रंथ छः खंडों में विभक्त है। प्रथम खंड प्राकृत साहित्य से संबंधित है। इसमें चार निबन्ध हैं जो प्राकृत साहित्य की सामान्य प्रवृत्तियों और राजस्थान के प्राकृत साहित्यकारों से संबंधित है। द्वितीय खंड संस्कृत साहित्य से संबंधित है। इस खंड में पांच निबन्ध हैं जो संस्कृत साहित्य के विकास और प्रवृत्तियों, राजस्थान के संस्कृत साहित्यकारों तथा जैन संस्कृत महाकाव्यों से संबंधित है। तृतीय खंड अपभ्रंश साहित्य से संबंधित है। इसमें चार निबन्ध हैं जो अपभ्रंश साहित्य की सामान्य पृष्ठभूमि, उसके विकास, प्रवृत्तियों और साहित्यकारों से संबंधित है। चतुर्थ खंड राजस्थानी साहित्य से संबंधित है। इसमें ६ निबन्ध हैं जो राजस्थानी साहित्य की सामान्य पृष्ठभूमि और पद्य तथा गद्य क्षेत्र के साहित्यकारों से संबंधित हैं। पंचम खंड हिन्दी साहित्य से संबंधित है। इसमें ६ निबन्ध हैं जो हिन्दी जैन साहित्य की सामान्य प्रवृत्तियों और पद्य तथा गद्य की विविध विद्याओं पर प्रकाश डालते हैं। षष्ठ खंड परिशिष्ट खंड है। इस खंड में लोक-साहित्य, ग्रन्थभण्डार, शिलालेख और लेखनकला से संबंधित ४ लेख दिये गये हैं। अन्त में अनुक्रमणिका देकर ग्रंथ को शोधार्थियों के लिये विशेष उपयोगी बनाने का प्रयत्न किया गया है।

Religion and Culture of the Jains—by Jyoti Prasad Jain. 3rd Edn. New Delhi, Bharatiya Jnanapith Publication, 1983. xi+196 pp.+8 pl., Biblio. (Murtidev Granthamālā, English Series-6). Rs. 35.

Religion has been the greatest force in the history of mankind, and religious experience has been man's noblest experience. There have been and will always be sceptics, but as Bacon said, "A little philosophy inclineth man's mind to atheism but, depth in philosophy bringeth man's mind about to religion." Religious studies make the sceptic realise the mystery and pathos of moral existence and the fact why religion is so profoundly moving there must be something humane and necessary in an influence that has become the most general sanction of virtue, the chief occasion of art and philosophy, and the source, perhaps, of the best form of human happiness. All religion is positive and particular, and Jainism is no exception. It seeks to bring true happiness to its votaries by elevating them morally and enabling them to attain the highest spiritual perfection they are capable of.

This brief account is, in fact, intended to serve as a handy compendium of Jainism for the lay reader who is desirous of acquainting himself with the genesis, history and tradition, doctrine and philosophy, way of life and mode of worship, art and literature, and other cultural aspects of this ancient, but still flourshing creed of India. Every care has been taken to see that the presentation is objective, correct and authoritative. There may still be some inadvertent slips, errors or shortcomings, which, it is hoped, the kind reader will excuse. The author will deem his labour well repaid if the book succeeds in arousing the interest of its readers in things Jaina, leading to a proper appreciation of Jaina values and further and deeper studies of the Jaina religion and culture by them.

रूपककार हस्तिमल्लः एक समीक्षात्मक अध्ययन—ले० कन्छेदीलाल । वैशाली, निदेशक प्राकृत जैन-शास्त्र एवं अहिंसा शोध संस्थान, १९८० । xvii+३०६ पृ० । ग्रन्थसूची । (प्राकृत जैन शोध-संस्थान ग्रन्थमाला; सं० नागेन्द्रप्रसाद-१९) । रु० ३९ ।

संस्कृत साहित्य के निर्माण में जैन विद्वानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है । नाटकों के विकास क्रम का विवेचन करते हुये विद्वानों ने जैन-साहित्य से ऐसे अनेक प्रमाण दिये हैं जिनसे भारतीय नाट्य-साहित्य की प्राचीनता एवं समृद्धि की पुष्टि होती है ।

हस्तिमल्ल ने नाटकों की मृतप्राय परंपरा को पुनर्जीवित किया । प्रस्तुत ग्रंथ में हस्तिमल्ल जी ने तीन नाटकों तथा एक नाटिका का विवेचन किया है ।

'विक्रांत कौरव' नामक नाटक छः अंकों में पूरा हुआ है । इसमें कौरवेश्वर जयकुमार का विवाह काशी नरेश अकम्पन की पुत्री सुलोचना के साथ स्वयंवर-विधि से सम्पन्न होने की सरस कथा है । जैन परंपरा के अनुसार यह प्रथम स्वयंवर था ।

'अंजना-पवनंजय' नाटक में पवनंजय के साथ अंजना के विवाह, पवनंजय के युद्ध में व्यस्त होने, गर्भवती अंजना के निर्वासन, जंगलों में भटकने, हनुमान के जन्म और अंत में अंजना-पवनंजय के मिलन की सरस एवं शिक्षाप्रद कथावस्तु है ।

'मैथिली-कल्याण' नाटक में राम-सीता के परस्पर अनुराग एवं विवाह से सम्बद्ध कथा है ।

'सुभद्रा' नाटिका में कनिष्ठा नायिका सुभद्रा के प्रति चक्रवर्ती राजा भरत के अनुराग का वर्णन है ।

हस्तिमल्ल के पात्रों में शृंगार के प्रति आकर्षण और वीर रस का उत्साह है, किंतु अन्ततः वे शांत रस के अनुयायी हो जाते हैं ।

इनके नाटक अभिनय के योग्य हैं । सरसता और सरलता के कारण हस्तिमल्ल के नाटक दृश्यकाव्य की विद्या के अनुरूप हैं । अतः संस्कृत के नाटककारों में हस्तिमल्ल का महत्वपूर्ण स्थान है ।

इस शोध-प्रबंध से न केवल संस्कृत के नाटकों पर शोध करने वाले छात्रों को मार्गदर्शन मिलेगा बल्कि संस्कृत के महाकाव्य, गद्यकाव्यों पर भी शोध करने वालों को सहायता मिलेगी ।

सागर, नौका और नाविक—सं० साध्वी चन्दना । राजगृह, वीरायतन, १९८२ । २४० पृ० । रु० १०० ।

गुरुदेव के क्रांतिकारी तथा पुरोगामी आध्यात्मिक एवं

मानववादी विचारों का संकलन इस ग्रंथ में है, जो भगवान् महावीर की जन कल्याणी देशना को, वाणी को विस्तार देने वाला है। इस अर्थ में प्रस्तुत अभिनन्दन ग्रंथ विचार ग्रंथ है।

उपाध्याय अमरमुनि जी एक सन्त हैं, कवि हैं, विचारक हैं, महान दार्शनिक हैं, साहित्यकार हैं, लेखक हैं और युग द्रष्टा, युग-पुरुष हैं। वे जीवन की सभी दिशा-विदीशाओं को आलोकित करते रहे हैं। वस्तुतः कविश्री जी संपूर्णकाल एवं सत्ता के द्रष्टा हैं।

प्रस्तुत उभय ग्रन्थ सामयिक एवं श्रमण सूत्र के भाष्य हैं। समत्व योग एवं आत्म निरीक्षण की साधनाओं पर अनेक दृष्टियों से विस्तृत विवेचन किया है।

उपाध्याय श्री जी का चिन्तन देश, काल, संप्रदाय एवं पंथीय परंपगओं की सीमा में आबद्ध नहीं है। वे सत्य के अनुसन्धित्सु हैं। इसलिये सांप्रदायिक वाड़ेबंदी से मुक्त होकर सत्य का साक्षात्कार किया है। उनकी दिव्य दृष्टि एवं उनका समदर्शीत्व-भाव प्रस्तुत ग्रंथ में परिलक्षित होता है।

इसमें एक अखंड जीवन-दृष्टि एवं चिन्तन की एकरूपता भी परिलक्षित होती है।

श्री जैन प्रतिमा-लेख संग्रह--ले० यतीन्द्र सूरी; सं० एवं अनु० दौलतसिंह लोढ़ा 'अरविन्द'। भीलवाड़ा, यतीन्द्र-साहित्य-सदन, १९८३। ३१९+४ पृ०। रु० ४०।

इतिहास एवं पुरातत्त्व के प्रेमियों तथा शोधार्थियों के लिये अत्यंत मूल्यवान एवं संग्रहणीय इस ग्रन्थ के संग्राहक एवं संपादक हैं प्रख्यात इतिहासवेत्ता स्व० श्री दौलतसिंह लोढ़ा 'अरविंद' तथा पुनरीक्षक हैं इतिहासविज्ञ जैनाचार्य श्रीमद् विजय यतीन्द्रसूरीश्वरजी।

इसमें उत्तर गूर्जर स्थिर पद से लेकर सिरोही राज्यान्तर्गत तक प्रसारित मार्ग के समस्त ग्रामों में स्थित जिनालयों की प्राचीन मूर्तियों के ३७४ लेख हैं। प्रत्येक लेख के अंत में अलग प्रकरण के रूप में लेख का हिन्दी अनुवाद और अवलोकन है।

ग्रन्थ के प्रारंभ में एक दूसरे ग्राम का अन्तर, उनमें स्थित जैन मन्दिर, जैन आबादी, ग्राम, नगर, संवत्; गन्छ, आचार्य साधुनाम, एक गच्छीय आचार्य साधुनाम, जाति, गोत्र-कुल और ग्राम नगरवार लेखों के अंकनों की अत्यधिक श्रम और समय देकर अनुक्रमणिकायें दी हैं, जिससे ग्रंथ की उपादेयता शोध एवं पुरातत्त्व के अभ्यासियों के लिये सहज बन गई है।

श्री सूत्रकृतांगसूत्र--ले० सुधर्मास्वामि। प्रथमश्रुतस्कन्ध; अनु० हेमचन्द्र; सं० अमर मुनि एवं नेमि चन्द्र। मानसा मण्डी, आत्मज्ञानपीठ, १९७९। ४४+९९६ पृ०। रु० १५०।

प्रस्तुत संस्करण 'सूत्रकृतांग' एक विराट्काय संस्करण है। सर्वप्रथम शुद्ध मूलपाठ है, तदनन्तर संस्कृत-छाया, पदान्वयार्थ, मूलार्थ और विस्तृत विवेचन है, जिनसे मूल का स्पष्ट अर्थ-बोध हो जाता है।

सूत्रकृतांग का वर्तमान समय में जो संस्करण उपलब्ध है, उनमें दो श्रुतस्कंध हैं—प्रथम श्रुतस्कंध और द्वितीय श्रुतस्कंध। प्रथम श्रुतस्कंध अर्थात् प्रस्तुत संस्करण के प्रथम में १६ अध्ययन हैं और द्वितीय में सात अध्ययन। प्रथम श्रुतस्कंध के प्रथम समय अध्ययन के चार उद्देशक हैं—पहले में २७ गाथायें हैं, दूसरे में ३२, तीसरे में १६ तथा चौथे में १३ हैं। इसमें वीतराग के अहिंसा सिद्धांत को बताते हुये अन्य बहुत से मतों का उल्लेख किया गया है। दूसरे वैतालीय अध्ययन में तीन उद्देशक हैं। पहले में २२ गाथायें, दूसरे में ३२ तथा तीसरे में २२। इसमें मुख्य रूप से वैराग्य का उपदेश है। तीसरे उपसर्ग अध्ययन के चार उद्देशक हैं। पहले में १७ गाथायें हैं, दूसरे में २२, तीसरे में २१ तथा चौथे में २२। इसमें संयमी जीवन में आने वाली विघ्न-बाधाओं का वर्णन है। चौथे स्त्री परिज्ञा अध्ययन के दो उद्देशक हैं जिसमें साधकों के प्रति स्त्रियों द्वारा उपस्थित किये जाने वाले ब्रह्मचर्य घातक विघ्नों का वर्णन है। पांचवें निरय-विभक्ति अध्याय के दो उद्देशक हैं। दोनों में नरक के दुःखों का वर्णन है। छठे वीरस्तुति अध्ययन का कोई उद्देशक नहीं है, इसमें २९ गाथाओं में भगवान् महावीर की स्तुति की गई है। सातवें कुशील-भाषित अध्ययन में ३० गाथायें हैं, जिसमें कुशील एवं चरित्रहीन व्यक्ति

की दशा का वर्णन है। आठवें वीर्य अध्ययन में २६ गाथायें हैं, इसमें शुभ एवं अशुभ प्रयत्न का स्वरूप बताया गया है। नवमें धर्म अध्ययन में ३६ गाथायें हैं, जिसमें धर्म के स्वरूप का प्रतिपादन किया गया है। दशमें समाधि अध्ययन में २४ गाथायें हैं, जिसमें धर्म में समाधि का कथन किया गया है। ग्यारहवें मार्ग अध्ययन में ३८ गाथायें हैं, जिसमें संसार के बंधनों से छुटकारा प्राप्त करने का मार्ग बताया गया है। बारहवें समवसरण अध्ययन में २२ गाथायें हैं जिसमें क्रियावादी, अक्रियावादी, विनयवादी और अज्ञानवादी मतों की विचारणा की गई है। तेरहवें अध्ययन में २३ गाथायें हैं, जिसमें मानव मन के स्वभाव का सुंदर वर्णन किया गया है। चौदहवें ग्रंथ अध्ययन में २७ गाथायें हैं, जिसमें ज्ञान-पारित के मार्ग का वर्णन किया गया है। पंद्रहवें आदानीय अध्ययन में २५ गाथायें हैं, जिसमें भगवान् महावीर के उपदेश का सार दिया गया है। सोलहवां गाथा अध्ययन गद्य में है, जिसमें भिक्षु अर्थात् श्रमण का स्वरूप सम्यक् प्रकार से समझाया गया है।

प्रस्तुत संस्करण की अपनी एक पृथक विशिष्टता है। साधारण से साधारण पाठक भी मूल सूत्र के गंभीर भावों को आसानी से समझ सकता है।

श्री सूत्रकृतांग सूत्र—ले० सुधर्मास्वामि । द्वितीय श्रुतस्कन्ध; अनु० हेमचन्द्र ; सं० अमरमुनि एवं नेमचिन्द्र। मानसा मण्डी, आतम-ज्ञानपीठ, १९८१। ४५४ पृ० । रु० १५० ।

प्रस्तुत संस्करण 'सूत्रकृतांग' एक विराट्काय संस्करण है। सर्वप्रथम शुद्ध मूलपाठ है, तदनन्तर संस्कृत-छाया, पदान्वयार्थ, मूलार्थ और विस्तृत विवेचन है, जिनसे मूल का स्पष्ट अर्थ-बोध हो जाता है। साधारण से साधारण पाठक भी मूल सूत्र के गंभीर भावों को आसानी से समझ सकता है।

सूत्रकृतांग का वर्तमान समय में जो संस्करण उपलब्ध है, उसमें दो श्रुतस्कंध हैं—प्रथम श्रुतस्कंध और द्वितीय श्रुतस्कंध।

सूत्रकृतांग सूत्र के द्वितीय श्रुतस्कंध के सात अध्ययन हैं; उनमें प्रथम अध्ययन पुण्डरीक है, जो गद्य में हैं। इस अध्ययन में विभिन्न मतों एवं विभिन्न संप्रदायों के भिक्षुओं के आचार का भी वर्णन किया गया है। द्वितीय अध्ययन क्रियास्थान है, जिसमें कर्म-बन्ध के त्रयोदश स्थानों का वर्णन किया गया है। तृतीय-अध्ययन आहार-परिज्ञा है, जिसमें बताया गया है कि आत्मार्थी भिक्षु को निर्दोष आहार-पानी की एषणा किस प्रकार करनी चाहिये। चौथा अध्ययन प्रत्याख्यान है, जिसमें त्याग, प्रत्याख्यान, व्रत एवं नियमों का स्वरूप बताया गया है। पांचवा आचार श्रुत अध्ययन है जिसमें व्याज्य वस्तुओं की गणना की गई है। छठा अध्ययन आर्द्रलीय है, जिसमें आर्द्रककुमार की धर्मकथा बहुत सुंदर ढंग के कही गई है। यह एक दार्शनिक संवाद है, जो उपनिषदों के संवाद की पद्धति का है। सातवां अध्ययन नालन्दीय है जिसमें भगवान् महावीर के प्रथम गणधर इन्द्रभूति गौतम का नालन्दा में दिया गया उपदेश अंकित है। अतः प्रस्तुत संस्करण की अपनी एक पृथक विशिष्टता है, जिसमें व्याख्याकार का गहन एवं विस्तृत अध्ययन, दार्शनिक चिंतन एवं प्रगाढ़ पांडित्य सर्वत्र प्रतिबिंबित हो रहा है।

समणसुत्तं (श्रमण सूत्रम्)—अनु० कैलाश चन्द्र एवं मुनि नथूमल। वाराणसी, सर्व-सेवा-संघ प्रकाशन, १९८२। बीस+२७६ पृ०। रु० २०।

भगवान् महावीर की २५वीं निर्वाण-शताब्दी के उपलक्ष्य में जो कुछ भी सब लोगों ने राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्तर पर काम किया है, उस सबके मन्थन में से 'समणसुत्तं' नवनीत की तरह प्राप्त हुआ है। मैं इसे सबसे बड़ी उपलब्धि मानता हूं। भ० महावीर की वाणी मन्दाकिनी श्वेताम्बर और दिगम्बर दो कूलों से सटकर बहती रही है, किंतु खेद का विषय यह है कि एक धारा के रूप में नहीं बल्कि दो धाराओं के रूप में। आज के इस युग में ऐसा सम्भव दिखाई देता है कि दोनों धारायें किसी एक धारा के रूप में परिणत हो जायेंगी। इतनी सदियों के दुराव एवं छोटी-छोटी मान्यताओं को लेकर इतना खिंचाव था कि एकता की

किरण कहीं से दिखाई नहीं देती थी । किंतु जैन संगीति में उपस्थित होने वाले समस्त जैन संप्रदायों के आचार्यों, विद्वानों, मुनियों, साधु-साध्वीजनों ने एक-जुट होकर 'समणसुत्तं' के संकलन-संपादन में जैसा सहयोग दिया है, वह एक चमत्कार है । . . .इस धर्मशास्त्र का संसार-भर में पूरी तरह से प्रसार हो ।

समयसार कलशः भाषा टीका । गोरखपुर, यथार्थ ज्ञान प्रकाशन, १९८३ । xvi+२५२ पृ० । रु० ७.५० ।

प्रस्तुत पुस्तक "समयसार-कलश टीका" नित्य स्वाध्याय के लिये अति उत्तम शास्त्र है। इसके बार-बार अध्ययन से उस शुद्ध यथार्थ ज्ञान का उदय होने लगता है जो मोक्षमार्ग में ले जाने वाला एवं शाश्वत आनंद सुख को दिलाने वाला है । इसको बार-बार आरंभ से अंत तक पढ़ने से ज्ञानचक्षु खुल जाते हैं । श्रावक आत्म-रसिक हो जाता है और उसके पूर्वकृत पाप अपने आप झड़ते जाते हैं ।

आशा है कि सभी लोग जो सच्चे ज्ञान के पिपासु हैं एवं जिज्ञासु हैं उनके लिये यह टीका अवश्य ही लाभप्रद सिद्ध होगी ।

Sastravarta Samuchaya of Haribhadra Suri and Syadvad Kalpalata of Upadhyay Yasovijaya : Hindi Explanation—by Badrinath Shukla. Vol. I Varanasi, Chaukhambha Orientalia. 1977. 14+ 328 pp., Append. (Chaukhambha Prachyavidya Granthamala-7). Rs. 25.

आचार्य श्री ने इस ग्रंथ में आस्तिक, नास्तिक सभी दर्शनों की अनेक मान्यताओं का विस्तार से वर्णन किया है और यथासंभव अत्यंत निष्पक्ष और निराग्रहभाव से सभी के युक्तायुक्तत्व की परीक्षा कर अनेकान्तवाद का विजयध्वंज फहराने का पूर्ण एवं सफल प्रयत्न किया है ।

न्यायविशारद उपाध्याय श्री यशोविजय जी जैन संप्रदाय में हरिभद्र कहे जाते हैं । उन्होंने नव्यन्याय शैली में इस ग्रंथ पर 'स्याद्वाद कल्पलता' नाम की एक पांडित्यपूर्ण विस्तृत व्याख्या लिखकर ग्रंथ की अंतर्निहित महिमा को उद्भावित किया है और सैकड़ों प्रसंगों में कारिका के सूक्ष्म संकेतों के आधार पर सम्बद्ध विषयों का प्रौढ़ पूर्वोत्तर पक्ष के रूप में इतना गंभीर और विस्तृत विचार किया है, जिससे अनायास यह धारणा बनती है कि आचार्य ने छोटे छंद की कारिकाओं में इतनी विस्तृत और गरिष्ट ज्ञानराशि को संचित कर गागर में सागर भरने जैसा कार्य किया है ।

Tirthankara Mahavira and His Sarvodaya Tirtha—by Hukam Chand Bharill; Tr. by Kasturchand Lalwani. Bombay, Shri Kund Kund—Kahan Digambar Jain Tirtha Suraksha Trust, 1981. 152 pp. Rs. 12.

The present work 'Tirthankara Mahavir and His Sarvodaya Tirtha' is a successful effort at presenting in brief but in duly authentic form the life and doctrines of Tirthankara Bhagavan Mahavira. Divided into two parts, this work tries to present the indivisible personlity of Mahavira who was omniscient and wholly detached and the eternal doctrines which had been handed down from the limitless past and re-enunciated by him.

Part I presents not only child Vardhamana through Tirthankara Arhanta Mahavira but also Bhila Purrava through perfected Sidha Bhagavan Mahavira. A broad outline has also been provided about the background from the first Tirthankara Risabhadeva till Parsvanatha. The present life of Bhagavan Mahavira has been brightened against the background of past traditions and his previous lives. Further highlighted also are the right intellect and heroism of child Mahavira who possessed super-human commonsense. At the same time his supreme indifference had taken shape in complete detachment which has been highlighted. There is also a successful and beautiful depiction of how the delusion of indivisibly silent, supreme monk Mahavira got totally erased, how he became omniscient and wholly detached, how his silence ended, his incessant wanderings for twelve years and the formation of the Sarvodaya Tirtha through his sermons. Part I of this work is a description of the Sarvodaya Tirtha founded by him—a consideration of the liberation propounded by him. It describes the seven fundamentals, deva-sastra-guru, the doctrine of differentia-

tion and the realisation of self as contained in right faith and a logical account of anekanta-syadvada and pramana-naya as contained in right knowledge. Right conduct has also been described with authenticity.

At the end, there is a brief conclusion which considers the doctrines of Mahavira in the present day content.

तीस चौबीसी विधान--ले० ज्ञानमती। हस्तिनापुर, दिगम्बर जैन त्रिलोक शोध संस्थान, १९८१। २५६ पृ०। (वीर ज्ञानोदय ग्रन्थमाला-२९)। रु० ८।

जैन परंपरा में उपयोग तीन प्रकार का माना गया है। अशुभपयोग, शुभपयोग एवं शुद्धोपयोग। इनमें से दूसरा ग्रहस्थ श्रावकों के लिए उपादेय है। ग्रहस्थ श्रावकों में इस शुभपयोग की भावना के प्रवर्तन के लिए पूज्य माताजी आर्यिकारत्न श्री ज्ञानमती जी ने यह तीस चौबीसी विधान लिखा है जो अन्य मण्डल विधानों की भांति पुण्यवर्द्धक एवं पाप नाशक है। इसे ५ या ८ दिन में किया जा सकता है। समस्त श्रावकगण इस पुस्तक से लाभान्वित होंगे।

वियाहपण्णतिसुत्तं—सं० बेचरदास जीवराज दोशी। तृतीय भाग। बम्बई, श्री महावीर जैन विद्यालय, १९८२। ४६+१०७१+१५७७ पृ०। (जैन-आगम-ग्रंथमाला-४(३))। रु० ५०।

Published under Jaina Agama-Series No. 4 the text deals with innumerable facts related to Jaina Philosophy. It mentions some sramanas belonging to the tradition of Parsvanth. It refers to non-Jaina religious teachers as well, viz., Azivaka, Anyayuthika, Vanaprastha and Tapasas like Hothika-Patika-Disaproksi. It expounds their tenets, describes their normal religious activities, gives an account of their practices of penance. It furnishes us with rich and interesting cultural data of vehicles, lamps, dress, ornaments and other household objects used in those days. The text contains sixteen chapters from chapter twenty six to forty-one. Each chapter explains elaborately the essential aspects of Jaina Philosophy such as 'Jiva', action or 'Karma', use of senses as a material quality. A great number of commentaries on the voluminous work are available. Among them two are principal namely, the Bhagavatisutra-curni by Jinadasagani Mahattara and the Bhagavatisutravṛtti by Acarya Abhayadevasuri. The commentary entitled Bhagavatisutracurni represents old tradition of interpretation and explanation of the Agamas. Acarya Abhayadevasuri wrote the Bhagavatisutravṛtti in 1128 V.s. Acarya Sagaranandasuriji edited this commentary. The quotations from the Curni are given with the explicit mention of the curni or the curnikara in the vṛtti. This clearly proves that in the composition of the vṛtti Acarya Abhayadeva Suri utilized the Curni since he recounts in his vṛtti the views representing the old tradition of interpretation and explanation with the remarks 'iti Vṛddhah', 'iti vṛddharyakhya', 'eke', 'anye' and 'apare'. This points to an oral tradition of interpretation of certain padas of the Bhagavatisutra, prevalent in the very old times. The text is followed by six appendices.

—Bijanbandhu Samajdar

LINGUISTICS

Aspects of Hindi Phonology—by Manjari Ohala. Delhi, Motilal Banarsidass, 1983. xvii+190 pp. Biblio., Abbrev. (MLBD Series in Linguistics. Ed. by Dhanesh Jain. 2). [ISBN O-89581-116-2]. Rs. 130.

The language whose phonology is described in this work is standard Hindi, i.e., the Hindi used in everyday casual speech by educated native speakers in cities such as Varanasi, Lucknow, Delhi etc., which is different from highly Sanskritized Hindi called literary style Hindi and Highly Perso-Arabicized Urdu, a native speaker being one who has learnt the language as his first language.

The author's interest lies in accounting for the Hindi speakers' competence i.e., providing evidence for the psychological reality of certain sound patterns of Hindi. This study is a mixture of two types of evidence. Some evidence is provided from experimental data and other is from hypercorrection, from children's mistakes, from native speakers' reactions to certain forms. The model used is that of generative phonology with modifications suggested throughout.

The work is divided into six chapters. The first chapter deals with the segments of Hindi that need to be recognized as phonemes. Chapter 2 deals with current morpheme structure theory, and some suggested revisions of it. Chapter 3 discusses the 'abstractness' issue. Chapter 4 gives a detailed account of the initial, middle and final clusters of Hindi, and gives the if-then sequential constraints necessary to account for these. Chapter 5 has two parts, the first discussing the problem of the nasalization in Hindi and the second dealing with issue of homorganic nasals in Hindi. The sixth chapter discusses the deletion rule in Hindi.

Bhattoji Diksita's Vaiyakarana Siddhanta Kaumudi, The Standard Sanskrit Grammar : An Analysis in English—by P.V. Naganatha Sastry. Vol. II Delhi, Motilal Banarsidass, 1983. vii +340 pp. [ISBN 0-89581-211-8]. Rs. 110. (Vol. I Published in 1974. Rs. 45).

The current literature in Sanskrit is devoid of a work which treats Bhattoji Diksita's Siddhanta Kaumudi in an analytical way in English. The present study fulfils this long-felt need of the reader.

In this analytical study the author has rendered the topics of original work very lucidly by arranging them more systematically and adding his own comments. He has elucidated technical terms and grammatical devices adopted by Panini for the first time with the aid of tables and charts.

The book is divided into two Volumes bound separately. Volume 1 deals with the rules of Sandhi, the formation of Feminine basis and the Declension of nouns. Volume II deals with the conjugation of Verbs in all classes, tenses and moods. These have been studiously worked out and explained with the application of relevant Sutras. This study is a great contribution to our understanding of the Panini text and the grammatical structure of the Sanskrit Language.

Bucher's Kannada English Dictionary —Ed. by J. Bucher; Chiefly based on the labour of F. Kittel. 2nd Rev. Edn. New Delhi, Asian Educational Service, 1983 (Reprinted). vi+539 pp. Rs. 40.

The present work is designed to from a companion volume to the well-known and much appreciated English-Kanarese School Dictionary, compiled by the Rev. F. Ziegler. The publication of a Kannada-English School-Dictionary has for a long time been a deep-felt desideratum, as the two smaller editions hitherto extant have but insufficiently served their purpose. The stupendous work of the Rev. Dr. Kittel, the eminent lexicographer of the Kannada language, whose unremitting labours have set a permanent literary monument to the language, standing out in bold features of historical, etymological and philological, critical researches for guidance and instruction to literatteurs striving after Kannada embellishment and scholarship, held out promising inducements and marked facilities to undertake this work which is chiefly based upon it.

In offering the second edition of what has been already known as Bucher's Kannada-English School-Dictionary to the public we have to remark that this edition has undergone a thorough revision so much so that it almost looks like a new work altogether. The important changes made in the present edition are :—

(1) Compound words which were grouped under a principal word are separated in this edition and treated alphabetically as new and separate words. It is believed that this arrangement will now facilitate reference, to a greater extent.

(2) As this dictionary is mainly intended to be a work of reference for popular and colloquial words and expressions, no pains have been spared to make it as such. Many words and expressions used in common parlance have now for the first time found their way into a Dictionary.

Concise Sanskrit-English Dictianary—Comp. by Vasudeo Govind Apte. Delhi, Motilal Banarsidass, 1983 (Reprinted). vi+366 pp. [ISBN 0-89581-632-6] Rs. 50 (cloth); Rs. 30 (paper).

There are in existence no doubt excellent Sanskrit-English dictionaries compiled by eminent scholars like Monier Williams, H.H. Wilson, V.S. Apte and L.R. Vaidya, but their bulkiness and cost prohibit a large number of users from enjoying an advantage so necessary in their study of Sanskrit. There is, therefore, a crying need for one which supplies everything required by an average reader and which is at the same time characterized by brevity and cheapness. The present compilation is intended to serve this purpose. The author in this handy work has kept out Sanskrit words which are less commonly used and has tried to avoid

all technicalities as well as words which can easily be seen as simple derivatives of some given words. Thus he has been able to reduce the bulk of the dictionary without compromising its usefulness.

Critique on the Denotative Power of the Word—by Yogeshwar Datt Sharma. Delhi, Eastern Book Linkers, 1980. xx + 128 pp. Rs. 40.

The book deals with the primary, denotative or expressive power of a word—Abhidhavṛtti—a very abstruse subject of thought on which the thinkers have differed widely. The grammarians (Vaiyakaranas) and a school of Vedanta maintain that the denotative power of a word is also capable of including and suggesting a further sense in certain circumstances and that the acceptance of two separate powers Laksana and Vyanjana is unnecessary. The author subscribes to this view and has disucussed the matter in five chapters, in detail.

Ch. I traces the history of language and ascertains relation between word and sense. Ch. 2 discusses the nature of the denotative power of a word with refeience to the system of Nyaya and Mimamsa. Ch. 3 refutes the doctrine of Nyaya and establishes Abhidha as the supreme entity on the authority of the grammarians—Bhartṛhari and Nagesa. Ch. 4 is exclusively devoted to the power of word.

The discussion centres round Nyaya, Mimamsa, Vedanta and Vyakarana, Ch. 5 summarises the views of rhetoricians: Bhamaha, Dandin, Udbhata, Anandavardhana, Rajasekhara, Kuntaka, Mahimabhatta, Mammata, Ruyyaka, Vagbhata, Hemacandra, Jayadeva, Visvanatha, Jagannatha and others.

The book is written in intelligible Sanskrit. It contains a critical Introduction, a detailed Bibliography and Index.

Dravidian Theories—by R. Swaminath Aiyar. Madras, Madras Law Journal Office, 1975. xlvii + 574pp. Biblio., Append. Rs. 30.

R. Swaminatha Aiyar's work on Dravidian Theories is placed before the public as a pioneering contribution to a field of study in which there have been too few workers. Whatever be the absolute value of his work, all earnest workers will salute his memory as that of a painstaking scholar who laboured long over it with single-minded devotion, more than fifty years ago, in the cause of linguistic science. His labours should help promote national integration, by showing how over two or three millenia ago, people living in different parts of India lived in linguistic amity taking freely from neighbouring languages, and thereby enriching their own.

Epic Syntax—by K. Meenakshi. New Delhi, Meharchand Lachhmandas Publications, 1983. x + 231 pp., Biblio., Abbrev. Rs. 100.

The present study fulfils the long-felt need for systematic and exhaustive analysis of the Epic language which could fill in the gap in the history of the development of Indo-Aryan from the Vedic to Classical Sanskrit. Epic language represents a particular variety of popular Sanskrit and it stands midway between the Vedic and the early Middle Indo-Aryan languages.

A comparative study of the Epic language with the Vedic and Middle-Aryan will show the extent of Prakritic influence on the later Sanskrit. The introduction presents such a comparative study pointing out the similarities and differences amongst these three phases of the language. The main body of this work gives an exhaustive analysis of the Epic language covering all the aspects of grammar.

First Dictonary of Linguistics and Phonetics—Comp. by David Crystal. Boulder, Westview Press, 1980. 390 pp. Biblio. (Language Library. Ed. by David Krystal) [ISBN 0-86531 0513]. $ 33.00.

We have produced such quantities of new terminology and novel phonetic usage in the recent past (and likely will go on doing so in the future) that efforts to complete an all-inclusive linguistic dictionary have thus far proved impossible to carry through. Until the time that such a compendium can be completed, we can look upon Professor Crystal's book as the next best thing.

